# किस्मत भीलवाड़ा

Email. kismatbhilwara8888@gmail.com | वर्ष 2 अंक -324 | भीलवाड़ा शनिवार 24 मई 2025 | मूल्य- 2 रूपये | REGN.NO .RAJHIN/2023/87379



**आवश्यकता है**

राजस्थान के भीलवाड़ा से प्रकाशित सबसे तेज समाचार पत्र दैनिक किस्मत भीलवाड़ा को तहसील और जिला स्तर पर महिला/ पुरुष संवाददाताओं की आवश्यकता है।

संपर्क करें

दैनिक किस्मत भीलवाड़ा

आर.के. कॉलोनी, श्री अर्बुदा कॉम्प्लेक्स भीलवाड़ा

मो. 9214345421, 8233210027, 9828402526, 6376577605


# सेना की वीरता को कम न आंकें, देश की सुरक्षा को खतरे में न डालें

## भाजपा ने कांग्रेस नेता राहुल को सुनाई खरी-खरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा। पार्टी ने कहा कि वह ऑपरेशन सिंदूर पर गैरजिम्मेदाराना टिप्पणी करके भारतीय सशस्त्र बलों की बहादुरी को कमतर करके आंकना और देश की सुरक्षा को खतरे में न डालें। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने राहुल गांधी को 'निशान-ए-पाकिस्तान' बताते हुए आरोप लगाया कि पाकिस्तान राहुल के बयान का इस्तेमाल भारत को बदनाम करने के लिए के लिए कर रहा है। भाटिया ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि राहुल को तय करना होगा कि आप किसके पक्ष में हैं? क्या आप भारत के विपक्ष के नेता हैं या निशान-ए-पाकिस्तान?

> भाटिया ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि नेता प्रतिपक्ष पर हमला करते कहा- राहुल को तय करना होगा कि आप किसके पक्ष में हैं? क्या आप भारत के विपक्ष के नेता हैं या निशान-ए-पाकिस्तान?

## पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता भाटिया ने विपक्षी नेता को 'निशान-ए-पाकिस्तान' बताया

- राहुल गांधी के बयानों को पाकिस्तान गलत तरीके से इस्तेमाल कर रहा
- देश की अखंडता के प्रति सचेत रहना चाहिए



### वे दुश्मनों के एजेंडे पर चल रहे

भाटिया ने आग्रह किया कि राहुल हमारे बहादुर सैनिकों के साह और समर्पण को कमतर करके आंकना बंद करें, ऐसे सवाल पूछना बंद करें जो नहीं पूछे जाने चाहिए। इससे राष्ट्रीय सुरक्षा खतरे में पड़ती है। उन्होंने कहा कि राहुल के बयान केवल बचकाना व्यवहार है। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल का स्वभाव रहा है कि वह जान-बूझकर ऐसे सवाल पूछते हैं जो हमारे देश के खिलाफ होते हैं और उन देशों के एजेंडे को आगे बढ़ाते हैं, जो हमारे दुश्मन हैं।



### राहुल ने यह कहा था

राहुल ने प्रधानमंत्री मोदी से तीन सवाल पूछते हुए एक्स पर लिखा था, मोदी जी, खोखले भाषण देना बंद कीजिए। सिर्फ इतना बताइए- आतंकवाद पर आपने पाकिस्तान की बात पर भरोसा क्यों किया? ट्रंप के सामने झुककर आपने भारत के हितों की कुर्बानी क्यों दी? आपका खून सिर्फ कैमरों के सामने ही क्यों गरम होता है? आपने भारत के सम्मान से समझौता कर लिया! भाजपा की ओर से यह बयान इन्हीं सवालों के परिपेक्ष में आया है।

निशिकांत ने कांग्रेस के फैसलों को उजागर किया

## कांग्रेस पर लगाया देशद्रोह का आरोप 1991 समझौते की भी याद दिलाई

भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर से सवाल करने के लिए पाखंड करने का आरोप लगाया। दुबे ने कांग्रेस समर्थित सरकार के दौरान हस्ताक्षरित 1991 के भारत-पाक सैन्य पारदर्शिता समझौते का हवाला देते हुए कांग्रेस के पाकिस्तानी वोट बैंक के साथ लंबे समय से जुड़े होने का आरोप लगाया। 'एक्स' पर एक पोस्ट में दुबे ने दावा किया कि 1991 के समझौते में भारत और पाकिस्तान सैन्य कार्रवाई के बारे में जानकारी साझा करने पर सहमत हुए थे। क्या यह पाकिस्तान के साथ सुरक्षा पारदर्शिता का समर्थन करना नहीं था?



### नेहरू-लियाकत, सिंदु जल और शिमला समझौते किसने किए?

दुबे ने कहा कि सवाल यह है कि 1947 से हम पाक को आतंकवादी राष्ट्र मानते हैं, 78 साल से कश्मीर के मुद्दे पर हमारी उनके साथ लड़ाई चल रही है। चाहे 1950 का नेहरू लियाकत समझौता हो, 1960 का सिंधु जल समझौता हो या 1975 का शिमला समझौता। 1994 में आपने लिखा कि सेना, नौसेना कहां तैनात होगी और वायु सेना कैसे काम करेगी? ये सब देशद्रोह नहीं है?

## खबर संक्षेप

### भाजपा विधायक मीणा की सदस्यता निरस्त

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा एक बार फिर से 199 के फेर में फंस गई है। विधानसभा अध्यक्ष ने शुक्रवार को भाजपा विधायक कंवरलाल मीणा की सदस्यता निरस्त कर दी। मीणा की सदस्यता समाप्त होने के साथ ही विधानसभा के सदस्यों की संख्या 200 से घटकर 199 हो गई है। मीणा को हाईकोर्ट से तीन साल की सजा सुनाई गई थी।



### हथियार तस्करी का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**मुंगेर।** ओडिशा पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने अवैध हथियार निर्माण और तस्करी से जुड़े एक बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ कर बिहार के मुंगेर से मास्टरमाइंड मोहम्मद असलम को गिरफ्तार किया है। डीआईजी पिनाक मिश्रा ने बताया कि 20 मई को एसटीएफ ने मुंगेर पुलिस के सहयोग से मोहम्मद असलम को हिरासत में लिया।



### गंगोत्री हाई-वे पर मप्र के तीर्थयात्रियों की बस पलटी

**उत्तरकाशी।** गंगोत्री हाई-वे पर शुक्रवार को भयानक सड़क हादसा हो गया। नालूपानी धरासू के पास मध्यप्रदेश के तीर्थयात्रियों से भरी एक बस सड़क पर पलट गई। जिससे 8 श्रद्धालु घायल हो गए। उत्तरकाशी पुलिस और आपातकालीन सेवा 108 की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया।



### दुपट्टे के सहारे मंदिर से भगवान के गहने चुराए

**भीलवाड़ा ।** राजस्थान के भीलवाड़ा में जैन तीर्थ स्थल स्वस्ति धाम मंदिर से एक करोड़ रुपए से ज्यादा कीमत के गहने चोरी हो गए। अज्ञात चोर ने जैन तीर्थ स्थल स्वस्ति धाम मंदिर को निशाना बनाया। उसने 1 करोड़ से ज्यादा के भगवान के श्रृंगार के सोने-चांदी के गहने चोरी कर लिए।



## पीएम मोदी ने दिल्ली में राइजिंग नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स समिट को किया संबोधित

# पिछड़े सीमांत क्षेत्र से विकास में अग्रणी क्षेत्र में तब्दील हो गया अष्टलक्ष्मी राज्य

विकास के केंद्र में आ गया पूर्वोत्तर

### उद्योग जगत से निवेश करने के लिए कदम उठाने का किया आह्वान



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में राइजिंग नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स समिट को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि सरकार की नीति ने पूर्वोत्तर को विकास में प्राथमिकता दी है, जिसके परिणामस्वरूप यह क्षेत्र अब भारत की विकास कहानी के केंद्र में आ गया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने भारतीय उद्योग जगत से पूर्वोत्तर राज्यों में निवेश करने के लिए पहले कदम उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में यह क्षेत्र पिछड़े सीमांत क्षेत्र से ग्रोथ फ्रंट रनर यानि विकास में अग्रणी क्षेत्र में तब्दील हो गया है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि इस नीति के तहत केंद्रीय कैबिनेट मंत्रियों ने पूर्वोत्तर राज्यों का 700 से अधिक बार दौरा किया है और उन्होंने अपने दौरे के दौरान उनके लिए एक रात रुकना भी अनिवार्य कर दिया है।इससे केंद्र को विकास की रणनीति तैयार करने में जमीनी हकीकत और लोगों की आकांक्षाओं का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करने में मदद मिली।

### पूर्वोत्तर का विकास एक 'भावनात्मक जुड़ाव'

उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर का विकास न केवल क्षेत्र के बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे के विकास में परिलक्षित एक ईंट और मोर्टार की कहानी है, बल्कि एक 'भावनात्मक जुड़ाव' भी है, जिसके परिणामस्वरूप इस क्षेत्र में उल्लेखनीय विकास हुआ है।



### पूर्वोत्तर की समृद्ध विविधता को सभी देख रहे

उन्होंने कहाभारत को दुनिया के सबसे विविधतापूर्ण देशों में से एक माना जाता है, और पूर्वोत्तर इस विविधतापूर्ण देश के भीतर सबसे विविध क्षेत्र के रूप में सामने आता है। व्यापार से लेकर परंपरा तक, वस्त्र से लेकर पर्यटन तक, पूर्वोत्तर की समृद्ध विविधता इसकी सबसे बड़ी ताकत है। बायोइकोनॉमी और बांस से लेकर चाय उत्पादन और पेट्रोलियम तक, खेल और कौशल विकास से लेकर इकोटूरिज्म और जैविक उत्पादों तक, पूर्वोत्तर एक ऊर्जा शक्ति है।

### हमारे लिए ईस्ट का मतलब- एमंपावर, एक्ट, स्ट्रैंथ एंड ट्रांसफॉर्म

पीएम मोदी ने कहा हमारे लिए ईस्ट का मतलब है एम्पावर, एक्ट, स्ट्रैंथ एंड ट्रांसफॉर्म। पूर्वी भारत के लिए यही हमारी सरकार की नीति है। आगे जोड़ते हुए उन्होंने कहा हम लूक ईस्ट से आगे बढ़कर एक्ट ईस्ट के मंत्र पर चले।

### पिछड़े क्षेत्र को अवसरों की भूमि में बदल दिया

पीएम मोदी ने कहा कि पूर्वोत्तर में बुनियादी ढांचे की क्रांति ने अब लंबे समय से पिछड़े क्षेत्र को अवसरों की भूमि में बदल दिया है। पीएम ने इस बात पर प्रकाश डाला कि 11,000 किलोमीटर से अधिक राजमार्ग, सैकड़ों किलोमीटर रेलवे लाइन और जलमार्गों का विकास इस बुनियादी ढांचे के विकास का हिस्सा है, जिसने क्षेत्र में कनेक्टिविटी को बढ़ाया है। इसके अलावा, राज्य में 4 जी और 5 जी कनेक्टिविटी प्रदान करने वाले बड़ी संख्या में मोबाइल टावर और 1600 किलोमीटर पाइपलाइन गैस ग्रिड का निर्माण किया गया है।

### उद्योग के लिए कुशल जनशक्ति उपलब्ध


पीएम मोदी ने यह भी बताया कि केंद्र ने क्षेत्र में स्कूलों, मेडिकल कॉलेजों, आईआईटी और तकनीकी संस्थानों में शिक्षा प्रणाली में 21,000 करोड़ से अधिक का निवेश किया है। परिणामस्वरूप, अब उद्योग के लिए कुशल जनशक्ति उपलब्ध है।

### हमारा फोकस युवाओं के भविष्य पर

उन्होंने कहा कि एक समय था, जब नॉर्थ ईस्ट के साथ बम, बंदूक और ब्लोकेड का नाम जुड़ा हुआ था। इसका बहुत बड़ा नुकसान वहां के युवाओं को उठाना पड़ा। उनके हाथों से अनगिनत मौके निकल गए। लेकिन, हमारा फोकस नॉर्थ ईस्ट के युवाओं के भविष्य पर है। इसलिए हमने एक के बाद एक शान्ति समझौते किए। युवाओं को विकास की मुख्यधारा में जोड़ रहे।

यह क्षेत्र बनेगा दक्षिण पूर्व एशिया का अंतरराष्ट्रीय गलियारा

### आज इस क्षेत्र में 17 हवाई अड्डे हैं और 2000 से अधिक उड़ानें



वहीं इस अवसर परपूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि सरकार ने उत्तर-पूर्व क्षेत्र में बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने की दिशा में काम किया है। उन्होंने कहा कि आज इस क्षेत्र में 17 हवाई अड्डे हैं और 2000 से अधिक उड़ानें हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि उत्तर-पूर्व क्षेत्र दक्षिण पूर्व एशिया का अंतरराष्ट्रीय गलियारा बन जाएगा।

शीर्ष अदालत के अहम फैसले

## कोई संस्थाएं मातृत्व अवकाश के हक से नहीं रोक सकतीं



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मातृत्व अवकाश से जुड़ा एक अहम फैसला सुनाया। अदालत ने कहा कि अनुसार मातृत्व अवकाश मातृत्व लाभ का एक अभिन्न अंग है और महिलाओं के प्रजनन अधिकारों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। शीर्ष अदालत ने कहा कि कोई भी संस्था किसी महिला को मातृत्व अवकाश के अधिकार से वंचित नहीं कर सकती।यह ऐतिहासिक आदेश तमिलनाडु की एक महिला सरकारी शिक्षिका की आरे से दायर याचिका पर दिया गया है।

### राजस्थान सरकार बताए- कोटा में ही छात्र क्यों मर रहे?

सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान सरकार को कोटा में छात्रों द्वारा आत्महत्या के मामले बढ़ने पर जमकर फटकारा। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने कहा कि इस साल अब तक कोटा में 14 छात्र-छात्राएं आत्महत्या कर चुके हैं। पीठ ने राजस्थान सरकार के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि आप बतौर राज्य क्या कर रहे हैं? क्यों कोटा में ही ये बच्चे आत्महत्या कर रहे हैं?

### वकील पर भड़के जुर्माना ठोका

सुप्रीम कोर्ट ने एक याचिका को खारिज करते हुए वकील को नसीहत दी है कि सस्ती पब्लिसिटी से बचना चाहिए। असल में मामला महाराष्ट्र से जुड़ा हुआ था जब सीजेआई गवई एक कार्यक्रम के लिए गए थे। लेकिन मामला ठंडा पड़ा। अब एक वकील ने याचिका दायर कर दी। वकील अभी नौजवान है, अनुभव नहीं है। ऐसे में ज्यादा जुर्माना नहीं लगाया जा रहा है, याचिकाकर्ता को 7000 रुपए देने होंगे।

### 27 बार टाली जमानत, जवाब दे

सुप्रीम कोर्ट ने आरोपी की जमानत याचिका को 27 बार टालने को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट पर नाराजगी जताई और आरोपी को जमानत दे दी। ससीजेआई ने सवाल किया कि आरोपी 4 साल से जेल में है, हाईकोर्ट कुछ नहीं कर रहा है। व्यक्तिगत स्वतंत्रता से संबंधित मामले में 27 बार स्थगित कर दिया है। पिछले 27 मौकों पर हाईकोर्ट ने कुछ नहीं किया है।

### पॉक्सो मामले में दी जमानत

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया। इस फैसले ने पूरे देश में बाल यौन अपराध कानून (पॉक्सो) की समझ को झकझोर कर रख दिया। कोर्ट ने एक ऐसे व्यक्ति को सजा से राहत दी जिसे पॉक्सो एक्ट के तहत दोषी ठहराया गया था। क्योंकि पीड़िता ने खुद इस घटना को कभी 'अपराध' के तौर पर नहीं देखा।

बीएसएफ के समारोह में गृहमंत्री शाह ने कहा

## ऑपरेशन सिंदूर पीएम मोदी की इच्छाशक्ति व हमारी सेना की बढ़ती ताकत का प्रतीक

आज पाकिस्तान पूरी तरह से देश और दुनिया में एक्सपोज हो गया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान को पूरी तरह से दुनिया के सामने बेनकाब कर दिया है और यह साबित कर दिया है कि भारत में आतंकवाद पाकिस्तान प्रायोजित है। 22वें सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) इन्वेस्टिचर समारोह और रुस्तमजी स्मृति व्याख्यान के दौरान बोलते हुए शाह ने भारतीय सशस्त्र बलों की प्रशंसा की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को भारत की आतंकवाद विरोधी रणनीति में आमूल-चूल परिवर्तन और ऑपरेशन सिंदूर जैसे निर्णायक कदम उठाने का श्रेय दिया।



### हमने केवल आतंकियों पर हमले किए, अन्य पर नहीं

उन्होंने भारत की संयमित और सटीक रणनीति को रेखांकित करते हुए कहा कि हमने न तो किसी पाकिस्तानी सैन्य ठिकाने को निशाना बनाया और न ही किसी एयरबेस पर हमला किया। हमने केवल और केवल उन आतंकी अड्डों को नष्ट किया जिन्होंने हमारे देश में अपराध किए थे। शाह ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का श्रेय नेतृत्व, खुफिया जानकारी और सैन्य क्षमता को दिया। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान पूरी तरह से देश दुनिया में एक्सपोज हो गया है।



### धोखाधड़ी मामले में आप विधायक रमन गिरफ्तार

**जालंधर।** पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने आप विधायक रमन अरोड़ा को धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। अरोड़ा जालंधर सेंट्रल विधानसभा सीट से मौजूदा विधायक हैं। ब्यूरो ने जालंधर स्थित उनके घर पर छापा मारा था। तलाशी के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया। उन पर अधिकारियों की मिलीभगत से लोगों को ठगने के गंभीर आरोप हैं।

पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने पंजाब सरकार को फटकारा

## फर्जी पुलिस एनकाउंटर में मारे गए युवक की मां को 15 लाख रुपए का मुआवजा दे

कानून के बाहर कार्रवाई को नहीं किया जा सकता स्वीकार

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने पंजाब सरकार को 2013 में हुए कथित फर्जी पुलिस एनकाउंटर में मारे गए युवक की मां को 15 लाख मुआवजा देने का आदेश दिया है। हाईकोर्ट ने कहा कि पुलिस की ओर से कानून के दायरे से बाहर जाकर की गई कार्रवाई को स्वीकार नहीं किया जा सकता और इस प्रकार की घटनाएं कानून के शासन की नींव को ही हिला देती हैं। कानून लागू करने वाली एजेंसियों को यह अधिकार नहीं है कि वे खुद ही जज, ज्यूरी और जल्लाद की भूमिका निभाएं।



### नाई की दुकान पर बैठे युवक के सीने में मारी थी गोली

23 मई, 2013 को अमृतसर निवासी 22 वर्षीय युवक अरविंदर पाल सिंह उर्फ लवली की गोली लगने से मौत हो गई थी। मृतक की मां याचिकाकर्ता दलजीत कौर ने आरोप लगाया था कि उनके बेटे को बिना किसी चेतावनी के पुलिस के हेड कांस्टेबल प्रेम सिंह ने बेहद करीब से सीने में गोली मार दी थी, जबकि वह उस समय एक नाई की दुकान पर बैठा था। पुलिस ने दावा किया था कि अरविंदर एक घोषित अपराधी था और उसने एक पुलिसकर्मी पर चाकू से हमला किया था, जिसके जवाब में आत्मरक्षा में गोली चलाई गई।इसके समर्थन में पुलिस ने एक झूठी एफआईआर दर्ज की थी। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यह साफ हुआ कि गोली बेहद नजदीक से चलाई गई थी और इसके निशान भी शरीर पर मौजूद थे।

लखनऊ एडीजे कोर्ट ने सुनाया फैसला

## खोपड़ी का सूप बनाकर पीने वाले सीरियल किलर तांत्रिक को आजीवन कारावास

साथी को भी मिली उम्रकैद की सजा

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

लखनऊ के एडीजे कोर्ट ने सीरियल किलर राम निरंजन उर्फ राजा कोलंदर को उम्र कैद की सजा सुनाई है। राजा कोलंदर के साथी वक्षराज को भी उम्रकैद की सजा मिली है। दोनों साल 2000 में हुए डबल मर्डर में दोषी पाए गए हैं। राजा कोलंदर पर 20 से ज्यादा हत्या के मामले दर्ज किए गए थे। ज़्यादातर मामलो में सुबूतों के आधार पर बरी हो चुका है । इससे पहले जज रोहित सिंह की अदालत ने सोमवार को राजा कोलंदर और वक्षराज कोल को नाका इलाके में 22 वर्षीय मनोज कुमार सिंह और उनके ड्राइवर रवि श्रीवास्तव के अपहरण और हत्या में शामिल होने का दोषी पाया था। कोर्ट ने शुक्रवार को सजा सुनाई।



### नरकंकाल और नरमुंड बरामद किए थे बरामद

राजा कोलंदर को जब गिरफ्तार किया गया था तो उस समय प्रयागराज के उसके पिगरी फार्म हाउस से बहुत बड़ी संख्या में नरकंकाल और नरमुंड बरामद हुए थे। कोलंदर पर आरोप है कि वो तांत्रिक था और खोपड़ी का सूप बनाकर पीता था। कहा जाता है कि ये लोगों का क़त्ल करता था, फिर इनके शरीर के कई टुकड़े करता था और फिर लाश के टुकड़ों को अलग-अलग फेंक देता था, लेकिन ये लाश के सिर को अपने साथ ले जाता था। इसके बाद दिमाग निकालकर सूप बनाकर पीता था।

भारत में फिर पैर पसारने लगा कोरोना, कई राज्यों में पहुंचा

## महाराष्ट्र में 100, गुजरात में 15 व केरल में 183 मामले

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में एक बार फिर कोविंड-19 के मामलों में इजाफा देखने को मिल रहा है। महाराष्ट्र, हरियाणा, तमिलनाडु, कर्नाटक, ओडिशा और गुजरात से नए मामले सामने आए हैं। महाराष्ट्र में लगभग 100 मामले सामने आए तो गुजरात में 15 नए केस देखने को मिले। बेंगलुरु में एक नवजात बच्चे का मामला सामने आया है। चेन्नई, गुरुग्राम में भी भारी बढ़ोतरी देखी गई है। मई में अब तक मुंबई में 95 मामले सामने आए हैं कम से कम 16 लोग अस्पताल में भर्ती हैं।

देश में एक बार फिर कोरोना के मामलों में इजाफा हो रहा है। महाराष्ट्र, हरियाणा, तमिलनाडु, कर्नाटक, ओडिशा और गुजरात में फैल रहा है।

### आंध्र प्रदेश में मास्क लगाना करना पड़ा अनिवार्य

### केरल में सबसे ज्यादा प्रभाव



इसी तरह ओडिशा में भी एक नया मामला मिला है। केरल में अब तक 182 मामले तो दिल्ली में 5 नए मामले मिले हैं। पुणे नगर निगम की स्वास्थ्य प्रमुख डॉ. नीना बोराडे ने कहा कि मई में हमारे पास केवल एक मामला था, जो अब ठीक हो चुका है।

### आंध्र प्रदेश सरकार ने एडवाइजरी जारी की

आंध्र प्रदेश सरकार ने स्थिति को देखते हुए राज्यों के लिए कई एडवाइजरी जारी की है। राज्य में सभी को भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर मास्क पहनना होगा। हाथों को साफ रखना होगा। मॉल, थिएटर, बस स्टैंड जैसी जगहों से दूरी बनाना जरूरी है। खासतौर पर बुजुर्ग, बच्चे और गर्भवती महिलाएं इन चीजों का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी गई है।

### हरियाणा में भी दस्तक

हरियाणा के गुरुग्राम और फरीदाबाद में कोरोना वायरस संक्रमण के तीन मामले सामने आए हैं। गुरुग्राम से दो और फरीदाबाद से एक मामला सामने आया है। फरीदाबाद में पल्ला क्षेत्र के सेहतपुर निवासी 28 साल के सिक्योरिटी गार्ड कोविड संक्रमित पाया गया।

### तमिलनाडु में 12 नए केस दर्ज

तमिलनाडु में भी हाल ही में मामलों में वृद्धि देखी गई है, पुडुचेरी में 12 नए मामले सामने आए हैं। चेन्नई में, डॉक्टरों का कहना है कि शुरू में इन्फ्लूएंजा के कारण होने वाले बुखार में कोविड-19 के लिए सकारात्मक परीक्षण तेजी से हो रहे हैं। कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव के अनुसार, कर्नाटक में कोविड-19 के 16 सक्रिय मामले सामने आए हैं।

# मुख्यमंत्री बजट घोषणा के तहत लॉटरी प्रणाली से लगभग 3000 भूखण्डों का होगा आवंटन



## जिला कलेक्टर ने किया योजना ब्रोशर का विमोचन, आमजन से आवेदन की अपील



किस्मत भीलवाड़ा

**भीलवाड़ा** मुख्यमंत्री बजट घोषणा 2025-26 के अंतर्गत प्रदेशवासियों को किफायती दरों पर आवासीय भूखण्ड उपलब्ध कराया जा रहा है। इस योजना के तहत भीलवाड़ा जिले में नगर विकास न्यास के माध्यम से लगभग 3000 भूखण्डों का आवंटन लॉटरी प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा।

**योजना ब्रोशर का विमोचन**

शुक्रवार को नगर विकास न्यास कार्यालय में जिला कलेक्टर श्री जसमीत सिंह संधू द्वारा योजना के ब्रोशर का विधिवत विमोचन किया गया। इस अवसर पर नगर विकास न्यास के सचिव श्री ललित गोयल एवं अधीक्षण अभियंता श्री योगेश माथुर भी उपस्थित रहे। जिला कलेक्टर ने आमजन से इस योजना का लाभ उठाने का आह्वान करते हुए कहा कि यह एक सुनहरा अवसर है, जिससे बड़ी संख्या में लोगों को अपना स्वयं का आवासीय भूखण्ड प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने सभी इच्छुक नागरिकों से नियत समयावधि में आवेदन कर पात्रता अनुसार योजना में सम्मिलित होने की अपील की। योजना की मुख्य विशेषताएं कुल भूखण्ड लगभग 3000, स्थान 1. पंचवटी 2. तिलक नगर 3. मोहनलाल सुखाड़िया नगर 4. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम नगर 5. पटेल नगर 6. पटेल नगर विस्तार 7. आर.पी. लड्ढा नगर 8. नया पुर ।

**आवेदन प्रक्रिया**

आवेदन पुस्तिका मूल्य ?2000

विक्रय आरंभ 2 जून 2025

अंतिम तिथि 30 जून 2025

(नियत तिथि के बाद आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे) ।अनिवार्य संलग्न दस्तावेज़ 1. आधार कार्ड की स्वप्रमाणित प्रति 2. पेन कार्ड की स्वप्रमाणित प्रति 3. आवेदक के बैंक खाते का कैंसिल चैक या पासबुक की प्रति 4. स्वघोषणा पत्र 5. आय प्रमाण पत्र 6. आरक्षित श्रेणी प्रमाण पत्र (यदि लागू हो) 7. पंजीयन एवं प्रक्रिया शुल्क का बैंक ड्राफ्ट (छायाप्रति सहित) 8. सैनिक कोटे हेतु ?50 के नॉन- ज्यूडिशियल स्टाम्प पर घोषणा पत्र ।

**लॉटरी प्रणाली की प्रक्रिया**

आवेदकों द्वारा जमा किए गए सभी पात्र आवेदन पत्रों की पारदर्शी लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से भूखण्डों का आवंटन किया जाएगा।

जिला कलेक्टर ने बताया कि सभी पात्र आवेदक निर्धारित समयावधि में आवेदन पत्र प्राप्त कर आवश्यक दस्तावेजों सहित नगर विकास न्यास कार्यालय में जमा कर योजना का लाभ उठाएं।

## भीलवाड़ा की ओरा ने राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में जीता रजत पदक



किस्मत भीलवाड़ा

**भीलवाड़ा** शहर विधायक अशोक कोठारी की पौत्री व पुनीत-अनिता कोठारी की सुपुत्री ओरा कोठारी ने उदयपुर में आयोजित राजस्थान स्टेट अंडर-7 ओपन एंड गर्ल्स शतरंज चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता। इस सफलता के साथ ओरा अब जून माह में उड़ीसा में होने वाली राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगी। ओरा की इस उपलब्धि पर परिवार सहित पूरे भीलवाड़ा शहर में खुशी की लहर है। कार्यक्रम के दौरान ओरा को ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। पंकज आडवाणी ने जानकारी दी कि ओरा की यह जीत न केवल कोठारी परिवार बल्कि पूरे वस्त्रनगरी का गौरव बढ़ाने वाली है। उदयपुर के चैतन्य टेक्नो स्कूल में आयोजित इस प्रतियोगिता में ओरा ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया।

## शिवगंज उपखंड के ग्रामों में राज्य मंत्री ओटाराम देवासी ने की जनसुनवाई, विकास कार्यों का किया लोकार्पण

किस्मत भीलवाड़ा



**शिवगंज,** राज्य मंत्री श्री ओटाराम देवासी ने शिवगंज उपखंड के बड़गांव, केसरपुरा, वेरा जेतपुरा, धुरबाणा और रुखाड़ा गांवों में जनसुनवाई कर आमजन की समस्याएं सुनीं और पंचायती राज विभाग के विभिन्न मदों से सम्पन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर सिरोही जिला प्रमुख श्री अर्जुनराम पुरोहित, शिवगंज प्रधान श्री विशन सिंह देवड़ा, उपखंड अधिकारी, विकास अधिकारी, तहसीलदार एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष भंवर सिंह रावल भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में ग्रामीणों की बड़ी संख्या में भागीदारी रही, जहां जनप्रतिनिधियों ने सरकार की योजनाओं की जानकारी दी और क्षेत्र के विकास हेतु लगातार प्रयास करने का भरोसा जताया।

## शिवगंज में नि:शुल्क ग्रीष्मकालीन चित्रकला शिविर में बच्चों का उत्साह चरम पर

किस्मत भीलवाड़ा



**शिवगंज** क्रियेटिव आर्ट ग्रुप शिवगंज-सुमेरपुर द्वारा आयोजित 21वां नि:शुल्क चित्रकला प्रशिक्षण शिविर बच्चों के लिए रचनात्मकता का केंद्र बना हुआ है। 20 से 27 मई तक राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय शिवगंज में चल रहे इस आठ दिवसीय शिविर में कक्षा 3 से कॉलेज स्तर तक के विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। कक्षा 3 से 8 तक के बच्चों को शंकर परिहार, प्रियंका सुथार, डिम्पल मालवीय और मिनाक्षी भाटी द्वारा चित्रकला की मूल तकनीकें सिखाई जा रही हैं, जबकि वरिष्ठ बच्चों को अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त चित्रकार आर.एस. राठौड़, हिमानी ललवानी और प्रज्ञा नागर द्वारा पर्सपेक्टिव ड्रॉइंग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिविर में आज व्याख्याता किरण कुमार मीणा द्वारा प्रतिभागियों को अल्पाहार प्रदान किया गया। शिविर का संचालन ग्रुप अध्यक्ष कालूराम गर्ग, सचिव दीपक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष देवाराम रांगी व अन्य सदस्य कर रहे हैं। बच्चों का उत्साह और भागीदारी लगातार बढ़ रही है।

## सावर विद्यालय में कला वर्ग में मंशा शक्तावत रही अव्वल



किस्मत भीलवाड़ा

**सावर।** सावर विद्यालय के विज्ञान वर्ग के सभी 100 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। कल घोषित हुए 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सावर का परिणाम सभी संकायों में शत प्रतिशत रहा। वर्तमान संस्था प्रधान श्याम सुन्दर वैष्णव ने बताया कि विज्ञान वर्ग में ध्रुव कुमार सेन(93.6%), कृषि विज्ञान वर्ग में शुभम चावला (90.40%), कला वर्ग में मंशा शक्तावत (94.80%) तथा वाणिज्य वर्ग में हेमा कुमावत (81.20%) ने अपने-अपने वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विज्ञान वर्ग में प्रविष्ट सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। इस अवसर पर विद्यालय के द्वाराअपने-अपने वर्ग में प्रथम ,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को आमंत्रित किया जाकर उनका माल्यार्पण कर व मुंह मीठा करवा कर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर पूर्व संस्था प्रधान अनिल कुमार झाकल, व्याख्याता धर्मराज मीणा ,संजय जाजोरिया, सुरेश कुमार जांगिड़,राकेश कुमार वैष्णव , अभिषेक कुमार शर्मा,मनीष कुमार आलोरिया, मनीष पारीक ,भरत सिंह राणावत व अभिभावकों में से मनिन्द्र सिंह शक्तावत उपस्थित रहे।

# भाविप शाखा का सात दिवसीय अभिरुचि शिविर का हुआ समापन

किस्मत भीलवाड़ा



**गुलाबपुरा** भारत विकास परिषद के तत्वाधान में चल रहे सात दिवसीय अभिरुचि शिविर का आज समापन गांधी उच्च माध्यमिक विद्यालय के विवेकानंद सभागार में संपन्न हुआ। समापन कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि श्रीमती मंजू सोमानी एवं कार्यक्रम के अध्यक्षता रश्मि बिरला ने की, अतिथियों के साथ-साथ महिला प्रमुख मुन्नी देवी जागेटिया एवं शिविर प्रभारी सोनिया शर्मा, मुन्नी देवी अग्रवाल ने मंच साझा किया।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलन से हुआ तत्पश्चात वंदे मातरम गायन हुआ। अतिथियों का स्वागत मातृशक्ति द्वारा ओपर्णा ओढाकर किया गया, स्वागत उद्बोधन संरक्षक सत्यनारायण अग्रवाल द्वारा हुआ। शिविर संयोजक पिंकी शर्मा ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और बताया कि आठ विधाओं में 263 प्रतिभागी भाग लेकर लाभान्वित हुए,डांस मार्शल, आर्ट मेहंदी, ब्यूटीशियन पेंटिंग आदि की चयनित प्रस्तुतियां भी सभी के समक्ष प्रस्तुत की गई जिसकी सभी ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की विभिन्न विधाओं में प्रथम द्वितीय चयनित प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। उक्त शिविर में सेवा देने वाले प्रशिक्षकों एवं प्रशिक्षिकाओं को भी अतिथियों द्वारा सर्टिफिकेट एवं उपहार राशि देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भामाशाह कन्हैयालाल सोमानी- महेश ऑटोमोबाइल द्वारा साउंड सिस्टम विभिन्न प्रकल्पों के लिए परिषद को भेंट किया गया, समापन कार्यक्रम में चयनित प्रथम , द्वितीय प्रतिभागियों के पुरस्कार एवं बच्चों के अल्पाहार की व्यवस्था भामाशाह रश्मि बिरला द्वारा हुई समस्त प्रशिक्षकों अतिथियों एवं परिषद सदस्यों के अल्पाहार की व्यवस्था संगीता सोनी द्वारा हुई। इस दौरान अध्यक्ष संपत व्यास , दिनेश छतवानी , सुधीर पारीक, शिव दयाल डाड, बुद्धि प्रकाश सोनी, सूरजकरण लड्ढा, कन्हैया लाल सोनी,हरिओम मेवाड़ा , कैलाश लड्ढा, राजकुमार सोनी, सागर नवाल एवं मातृशक्ति से ज्योति दिनवानी, सुनीता पंचारिया, मीनाक्षी भाटिया, वंदना लड्ढा, मधु मेवाड़ा, भगवती मूंदड़ा आदि ने अपनी सेवाएं दी।कार्यक्रम का संचालन मनोज आसोपा ने किया व वरिष्ठ सदस्य सत्यनारायण जागेटिया ने सभी का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ।

## स्थानान्तरण पर डीईओ गोविन्द नारायण शर्मा को दी विदाई



किस्मत भीलवाड़ा

**केकड़ी** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा केकड़ी के कार्यकर्ताओं द्वारा शुक्रवार को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय केकड़ी में जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय माध्यमिक शिक्षा केकड़ी गोविन्दनारायण शर्मा का स्थानान्तरण जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय प्रारम्भिक शिक्षा अजमेर के पद पर होने पर साफा, माला पहनाकर एवं दुपट्टा ओढ़ाकर भावभीनी विदाई दी गई। इस दौरान डीईओ गोविन्दनारायण शर्मा ने कहा कि उन्हें क्षेत्र के शिक्षकों एवं संगठन से जो स्नेह मिला है उसे वे कभी नही भुला सकते है। उन्होंने भविष्य में भी सभी से जुड़े रहने की बात कही। इस अवसर पर उपशाखा अध्यक्ष नवलकिशोर जांगिड़ ने उनके कार्यकाल के अनुभवों को बताया। इस दौरान संभाग संगठन मंत्री सुरेश चौहान, जिलाध्यक्ष महेश शर्मा, जिला संगठन मंत्री राजेन्द्र सुजेडिया, अतिरिक्त जिला मंत्री संजय वैष्णव, केकड़ी उपशाखा अध्यक्ष नवलकिशोर जांगिड़, सावर उपशाखा मंत्री प्रहलाद कुमावत, प्रधानाचार्य राधेश्याम कुमावत, बृजकिशोर वैष्णव, दिनेश कुमार वैष्णव एवं महावीर बलाई सहित कई शिक्षक कार्यकर्ता एवं कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

# सिलिकोसिस पीड़ितों से धोखाधड़ी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

## पुलिस की सतर्कता से उजागर हुआ फर्जीवाड़ा, पीड़ितों के खातों से निकाली जा रही थी सरकारी सहायता राशि

किस्मत भीलवाड़ा



**बिजोलिया** थाना क्षेत्र में सिलिकोसिस जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित व्यक्तियों को निशाना बनाकर धोखाधड़ी करने वाले दो शातिर आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई 20 मई को कस्बे में आयोजित जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के आधार पर की गई। मामले को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देश पर तत्काल जांच शुरू की गई थी। जिस पर थानाधिकारी लोकपाल सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई।

**थानाधिकारी लोकपाल सिंह ने बताया की** -जांच के दौरान सामने आया कि आरोपी डूंगर सिंह पिता कूप सिंह (उम्र 58 वर्ष) और योगराज सिंह पिता डूंगरसिंह (उम्र 31 वर्ष), दोनों निवासी ढाणी का चबूतरा , बिजोलिया हाल सुरडीया ब्यावरा सिलिकोसिस पीड़ितों को सरकारी सहायता राशि दिलवाने के नाम पर उनके जरूरी दस्तावेज़ एकत्र करते थे। सहायता राशि खातों में आते ही खाली चैकों से आरोपी राशि स्वयं निकाल लेते थे, और पीड़ितों को इस बारे में कोई जानकारी नहीं देते थे।

**धोखाधड़ी का तरीका**

आरोपी स्वयं को सरकारी योजनाओं से जोड़कर पीड़ितों को भरोसे में लेते थे। पीड़ितों के नाम से बैंक खाते खुलवाकर या उनके मौजूदा खातों की जानकारी लेकर राशि पर नियंत्रण स्थापित करते थे।

सरकारी सहायता राशि जैसे ही खातों में आती, आरोपी उसे निकाल लेते थे और पीड़ितों को अंधेरे में रखते थे।

कई बार खाते पीड़ितों के नाम से होते हुए भी संचालन पूरी तरह से आरोपियों के हाथ में होता था।

**पुलिस टीम में शामिल अधिकारी**

1.हेड कांस्टेबल रामसिंह

2.कांस्टेबल राजवीर

3.प्रोबेशनर कांस्टेबल गीतम सिंह

टीम ने त्वरित कार्रवाई कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

## जावाल में अवैध खनन के खिलाफ धरना, संयम लोढ़ा ने 22 गांवों के प्रतिनिधियों के साथ किया समर्थन



किस्मत भीलवाड़ा

**सिरोही,** कृष्णावती नदी, जावाल में लीजधारक द्वारा हो रहे अंधाधुंध बजरी खनन के विरोध में जारी धरने को पूर्व विधायक संयम लोढ़ा ने 22 गांवों के प्रतिनिधियों के साथ समर्थन दिया। धरने में शामिल होकर लोढ़ा ने आंदोलन की भावी रणनीति पर विस्तार से चर्चा की और जनता को न्याय दिलाने का भरोसा जताया। सभा को संबोधित करते हुए लोढ़ा ने कहा कि अब न सरकार और न अधिकारी जनता को गुमराह कर पाएंगे, क्योंकि जनता अपने अधिकारों के लिए संगठित हो चुकी है। उन्होंने प्रशासनिक तंत्र पर अपनी पकड़ और कानूनी जानकारी का हवाला देते हुए कहा कि वे हर कदम पर जनता के साथ खड़े रहेंगे। लोढ़ा ने भाजपा सरकार और मंत्री ओटाराम देवासी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि वे खनन माफियाओं के साथ मिलकर जनता को झूठे आश्वासन दे रहे हैं। उन्होंने दोहराया कि हार हो या जीत, वे सदैव सिरोही की जनता के साथ खड़े रहेंगे

## श्री गॉंधी विधालय के बारहवीं कक्षा के परिणाम मे सोनाली योगी 96.40 प्रतिशत के साथ टॉपर रही

किस्मत भीलवाड़ा



**गुलाबपुरा** श्री गांधी विद्यालय की बरहवी कक्षा की सोनल नाथ योगी ने कला वर्ग में 96.40% अंको साथ रही टॉपर, वही कृषि विज्ञान संकाय में द्वितीय स्थान रही संजू माली 95.40 प्रतिशत। श्री गॉंधी उमावि गुलाबपुरा इस संस्था प्रधान सत्यनारायण अग्रवाल ने बताया कि कक्षा 12 का परीक्षा परिणाम विज्ञान,कला, वाणिज्य वर्ग व कृषि विज्ञान वर्ग 100% रहा । सभी वर्गों मे प्रथम श्रेणी - 162 विधार्थी व द्वितीय श्रेणी - 25 एवं 45 छात्राओं के 75% से अधिक अंक प्राप्त हुए उन्हें गार्गी पुरस्कार मिलेगा। विज्ञान वर्ग में वीरेंद्र पंवार 93.00%द्वितीय स्थान- दृष्टि राव 87.80%ने अंक प्राप्त किए कृषि विज्ञान वर्ग में प्रथम स्थान - संजू माली 95.40% व द्वितीय स्थान - वेदिका रेगर 92.20% रही, कला वर्ग परीक्षा प्रथम स्थान - सोनल नाथ योगी 96.40 व दूसरा स्थान सत्येंद्र बंसल 96.00 % ने प्राप्त किया। वाणिज्य वर्ग परीक्षा प्रथम स्थान - अनुज बेनीवाल 81.60 व दूसरा स्थान खुशी छापरवाल 78.00 % ने प्राप्त किया। परीक्षा उत्कृष्ट रहने पर संस्था प्रधान ने विद्यालय स्टाफ साथियों स्वागत करते हुए बधाई प्रेषित की।

# सफाई व्यवस्था ठप नगर पालिका और सफाई कर्मचारियों के बीच टकराव चरम पर

## ईओ ने "स्वयं का कचरा, स्वयं का समाधान" अभियान शुरू करने की अपील की

किस्मत भीलवाड़ा



**बिजोलिया** - कस्बे में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। नगर पालिका प्रशासन और सफाई कर्मचारियों के बीच चल रहे विवाद के चलते पिछले 10 दिनों से नियमित सफाई कार्य ठप पड़ा है, जिससे जगह-जगह कचरे के ढेर लग गए हैं और हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। गुरुवार को हालात तब और बिगड़ गए जब कर्मचारियों ने कचरा संग्रहण करने वाली गाड़ियों को भी जबरन रुकवा दिया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए शुक्रवार को अधिशाषी अधिकारी पंकज कुमार मंगल ने कस्बे के प्रबुद्धजनों की एक आपात बैठक बुलाई। बैठक में नगर पालिका की वर्तमान चुनौतियों और समाधान पर विस्तार से चर्चा हुई। ईओ ने बताया कि बजट की भारी कमी और पूर्व पंचायत कार्यकाल में कार्यरत सभी कर्मचारियों को रखे जाने में असमर्थता जताई। साथ ही केवल नियमानुसार 8 घंटे कार्य करने वाले निश्चित कर्मचारियों को ही आगे बनाए रखने की बात कही गई। सफाई कर्मचारियों द्वारा की गई 14 दिन की पूर्व हड़ताल का वेतन देने में भी उन्होंने असमर्थता जताई। बैठक में सफाई कर्मियों के प्रतिनिधि विनोद घुसर और मोहन घुसर ने कहा कि वे कार्य पर लौटना चाहते हैं, लेकिन जब तक सभी साथियों को पुनः यथावत नहीं रखने और लंबित वेतन का भुगतान नहीं होता, तब तक वे कार्य शुरू नहीं करेंगे। प्रबुद्धजनों ने आगामी जैन समाज के पंचकल्याणक महोत्सव और तिरंगा यात्रा जैसे धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजनों को ध्यान में रखते हुए सफाई कर्मचारियों से सहयोग की अपील की, लेकिन कोई ठोस सहमति नहीं बन सकी। इस पर अधिशाषी अधिकारी ने जनभागीदारी को समाधान मानते हुए "स्वयं का कचरा, स्वयं का समाधान" अभियान की शुरुआत की घोषणा की। उन्होंने कस्बे के नागरिकों से अपील की है कि जब तक नई सफाई व्यवस्था लागू नहीं हो जाती, तब तक वे रविवार से प्रतिदिन सुबह 6 से 8 बजे तक अपने गली-मोहल्लों और प्रतिष्ठानों के बाहर श्रमदान कर सफाई अभियान में सहभागी बनें। बैठक में भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज गोधा, कांग्रेस महामंत्री शक्तिनारायण शर्मा, सत्यनारायण मेवाड़ा, शांतिलाल जोशी, हर्षिंदा कंवर, वेदप्रकाश तिवारी, अनिल टांक, विट्ठल तिवारी, रणजीत कानावत, शिव चंद्रवाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय शिवगंज का 12.वीं विज्ञान संकाय परिणाम शत-प्रतिशत, सभी छात्र प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण



किस्मत भीलवाड़ा

**शिवगंज,** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय शिवगंज ने 12वीं विज्ञान संकाय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत परिणाम प्राप्त किया है। विद्यालय में अध्ययनरत सभी 14 छात्र-छात्राएं प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। विद्यालय स्तर पर ज्योति शर्मा ने 93.40% अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, मयंक सुथार ने 86.00% के साथ द्वितीय और लक्षीत परिहार ने 82.80% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। प्रधानाचार्य हेमलता चौधरी ने परीक्षा परिणाम की जानकारी देते हुए छात्रों को बधाई दी। खेल प्रभारी धर्मेन्द्र गहलोत ने प्रथम तीन स्थानों पर रहे विद्यार्थियों का माल्यार्पण कर मुँह मीठा करवाया। इस अवसर पर वरिष्ठ सहायक प्रकाश गर्ग, कनिष्ठ सहायक सुरजीत सिंह कविया एवं अध्यापक कुपाराम मीणा ने भी छात्रों का उत्साहवर्धन किया।

# भीलवाड़ा के जैन मंदिर से सवा करोड़ का सोना-चांदी चोरी सुबह भक्त पहुंचे तो जानकारी हुई

किस्मत भीलवाड़ा

**भीलवाड़ा** भीलवाड़ा के जैन मंदिर से करीब 1 करोड़ कीमत का सोना चोर ले गए। इसके साथ ही 3 किलो चांदी और अष्टधातु से बना कछुआ भी चोरी हुआ है। घटना गुरुवार रात करीब 12 से एक बजे की बीच की बताई जा रही है। पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई है। चोरी की जानकारी मिलने के बाद जहाजपुर स्थित स्वस्ति धाम जैन मंदिर (जहाज जैन मंदिर) एडिशनल एसपी राजेश आर्य सहित तमाम पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और जानकारी ली।

**सीसीटीवी में देखिए-कैसे की वारदात...**

1.युवक मंदिर में घूमता हुआ नजर आया।

2. मौका मिलते ही युवक ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

3.युवक चोरी के बाद रेलिंग को पार करते हुए।

3. चोरी के बाद युवक आराम से बाहर निकलते हुए।

**सुबह भक्त पहुंचे तो पता चला**

मंदिर में मुनिसुव्रतनाथ की प्रतिमा है। शुक्रवार सुबह कई श्रद्धालु (श्रावक-श्राविका) मंदिर में दर्शन करने पहुंचे थे। यहां प्रतिमा पर लगा आभामंडल (पीछे वाले हिस्से) गायब था। इसके बाद सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। पता चला कि चोर आभामंडल ले गया। इस पर 1 किलो 300 ग्राम सोना लगा था। इसकी कीमत 1 करोड़ 30 लाख रुपए आंकी गई है। इस आभामंडल पर 3 किलो चांदी भी लगी थी। इसकी कीमत करीब तीन लाख रुपए है।




**चुन्नी के सहारे खिड़की से निकला चोर**

सीसीटीवी फुटेज में एक चोर सफेद शर्ट और नीली पैंट में नजर आ रहा है। कुछ देर वह प्रतिमा के आसपास टहलता है, फिर प्रतिमा के पीछे लगे आभामंडल को उठा लेता है। यह आभामंडल सोने और चांदी से बना था। आभा मंडल को लेकर चोर खिड़की से चुन्नी का फंदा लगाकर नीचे उतर कर चला जाता है।

**मंदिर कमेटी ने रिपोर्ट दी**

स्वस्ति धाम दिगंबर जैन मंदिर की कमेटी की ओर से जहाजपुर थाने में रिपोर्ट दी गई है। रिपोर्ट में बताया कि मंदिर में मुनि सुव्रत नाथ भगवान की प्रतिमा गर्भ में स्थापित है। इस प्रतिमा के सिर के पीछे एक सूर्य का आभामंडल लगा हुआ है। ये आभामंडल सोने और चांदी का बना हुआ है। चोर आभामंडल समेत सोने की पॉलिश से बने यंत्र और अष्टधातु का कछुआ ले गया।




**50 लोग भी प्रतिमा को उठा नहीं पाए**

भीलवाड़ा में श्री 1008 मुनिसुव्रतनाथ भगवान का जहाज की आकृति का मंदिर है। कहा जाता है कि 2013 में मंदिर से 4 किलोमीटर दूर महावीर जयंती पर एक मुस्लिम समाज के व्यक्ति के घर से श्री 1008 मुनिसुव्रतनाथ भगवान की प्रतिमा निकली। प्रशासन ने जेसीबी मंगवाकर प्रतिमा को अपने कब्जे में लेने के लिए निकालने का प्रयास किया। इसके बाद जैन समाज के लोगों ने मिलकर प्रतिमा को उठाकर एक ठेले पर रख दिया। प्रतिमा को लेकर मंदिर के तहखाने में स्थायी रूप से विराजमान कर दिया। इसके बाद 50 लोगों ने मिलकर जोर लगाया, लेकिन प्रतिमा को नहीं हिला सके।

## लग्जरी कार से 12 लाख का डोडा चूरा जब्त CBN की बड़ी कार्रवाई

**ड्राइवर अंधेरे में भागा, टीम को टक्कर मारने की भी कोशिश**

**कोटा** केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (CBN) की टीम ने निम्बाहेड़ा-मंगलवाड़ मार्ग पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक लग्जरी कार से 311 किलो डोडा चूरा बरामद किया है। बरामद माल की कीमत करीब 12 लाख रुपए बताई गई है। रात में हुई कार्रवाई में ड्रामा उप नारकोटिक्स आयुक्त कोटा नरेश बुंदेल ने बताया कि गुजरात नंबर की कार की सूचना पर टीम ने 22 मई की रात निकुंभ चौराहे पर घेराबंदी की। चालक ने न केवल कार रोकने से इनकार किया बल्कि टीम के वाहनों को टक्कर मारने का प्रयास भी किया। नापावली के पास कार रोकी गई, लेकिन चालक अंधेरे का फायदा उठाकर खेतों में भाग निकला। कार से मिले 18 कट्टे तलाशी में कार से 18 प्लास्टिक के कट्टे बरामद हुए, जिनमें 311.490 किलो डोडा चूरा भरा था। टीम ने एनडीपीएस एक्ट के तहत माल और कार को जब्त कर लिया है।



## हमीरगढ़ पुलिस ने विद्युत ट्रांसफार्मर ऑयल चोरी करने वाली गैंग का किया पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

किस्मत भीलवाड़ा

भीलवाड़ा हमीरगढ़ थाना पुलिस ने विद्युत ट्रांसफार्मरों से ऑयल चोरी करने वाली गैंग का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 100 लीटर ट्रांसफार्मर ऑयल, 5 जरीकन और एक महिंद्रा पिकअप वाहन भी बरामद किया। गिरफ्तार आरोपितों में भगवत सिंह उर्फ टमु सिंह (चितौड़गढ़), बालु लाल दरोगा (भीलवाड़ा) और मनोहर उर्फ मनोज जयसवाल (चितौड़गढ़) शामिल हैं। ये अब तक 28 ट्रांसफार्मरों से तेल चोरी की वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। एसपी धर्मेंद्र सिंह यादव के निर्देश पर एएसपी पारस मल व सीओ श्याम सुंदर के सुपरविजन में थानाधिकारी संजय गुर्जर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तकनीकी डेटा और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कार्रवाई को अंजाम दिया। पूरे ऑपरेशन में विकास यादव, नेतराम गुर्जर, विशंबर दयाल, राहुल शर्मा सहित पुलिस टीम की विशेष भूमिका रही।




**डबरेला मे उपखंड स्तरीय रात्रि चौपाल आयोजित**

## 15 प्राप्त शिकायतो को त्वरित निस्तारण हेतु अधिकारियो को दिए स्ष्ठह्न ने निर्देश

किस्मत भीलवाड़ा

केकड़ी-सरवाड़ ग्राम पंचायत मुख्यालय डबरेला में गुरुवार शाम को उपखंड स्तरीय रात्रि चौपाल का आयोजन उपखंड अधिकारी सरवाड़ गुरुप्रसाद तंवर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। गोपाल लाल धाकड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि रात्रि चौपाल में ग्रामीणों द्वारा प्राप्त शिकायतों का निवारण किया। रात्रि चौपाल में पंचायत से 15 शिकायती आवेदन प्राप्त हुए जिनको सम्बंधित विभाग को प्रेषित कर निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। चौपाल में उपखंड अधिकारी गुरु प्रसाद तवर ने उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देश दिए की ग्रामीणों की समस्यों का निवारण समय पर करें तथा ग्रामीणों को जानकारी दी कि किसी भी प्रकार की समस्या को संबंधित अधिकारी को अवगत करवायें यदि संबंधित अधिकारी समय पर समस्या का समाधान नहीं करता है तो मुझे बतायें मौके पर सरपंच डबरेला रामनारायण चौधरी, राकेश कुमार नायब तहसीलदार बोराड़ा उपखंड कार्यालय से गोपाल धाकड़, भारमल गुर्जर बुद्धि प्रकाश मीणा सहायक अभियान अक्षय कुमार गुप्ता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग कालूराम चौधरी सहायक विकास अधिकारी शंकरलाल धाकड़ कृषि पर्यवेक्षक जगदीश प्रसाद माली भू अभिलेख निरीक्षक परमेश्वर पटवारी राजेश कुमार चिकित्सा अधिकारी अनिल कुमार लाइन मेन गफ्फार मोहम्मद पशु चिकित्सक शिवराज बेरवा अध्यापक सहित अनेक अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।



## भव्य कलश यात्रा के साथ केकड़ी में शिव महापुराण कथा का हुआ मंगलमय शुभारंभ

***बही अध्यात्म की लहर-शिवलिंग की महिमा, बाबा भैरवनाथ के जन्म प्रसंग, और केतकी प्रसंग का किया रसपान***

**केकड़ी** केकड़ी शहर में अध्यात्म की बयार उस समय बहने लगी जब भाग्यदेश्वर महादेव मंदिर के पास स्थित मंगलम गार्डन में शिव महापुराण कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। यह कलश यात्रा विद्युतीकरण महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर कथा स्थल तक पहुँची, जहाँ श्रद्धालुओं ने भक्ति और उल्लास के साथ भाग लिया। कथा स्थल पर पंडित श्याम सुंदर शास्त्री ने कथा व्यास के रूप में विराजमान होकर प्रथम दिन भक्तों को शिव महापुराण कथा का रसपान कराया। दूसरे दिन की कथा में कथा व्यास पंडित ने शिवलिंग की महिमा, बाबा भैरवनाथ के जन्म प्रसंग, और केतकी प्रसंग जैसे महत्वपूर्ण अध्यायों का सरल और सरस वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ज्ञान से ओतप्रोत किया। इस अवसर पर भगवान शिव की सुंदर झांकियाँ भी प्रस्तुत की गईं, जो भक्तों के आकर्षण का केंद्र रहीं। भक्तगणों ने संगीत और भजनो के माध्यम से कथा का आध्यात्मिक आनंद लिया। कथा आयोजक बालमुकुंद शर्मा ने बताया कि यह शिव महापुराण कथा प्रतिदिन दोपहर 1:00 बजे से 4:00 बजे तक आयोजित की जा रही है, जो 1 जून तक चलेगी। उन्होंने समस्त श्रद्धालुओं से माता बहनों से कथा स्थल पर पहुँचकर धर्म लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है।





**सरकारी विद्यालय फिर रहे निजी विद्यालयों से अव्वल**

## पी. एम. श्री विद्यालय की बेटियों ने फिर लहरायासफलता का परचम

किस्मत भीलवाड़ा

**केकड़ी** पी. एम. श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय केकड़ी का बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम इस वर्ष भी उल्लेखनीय रहा। कुल 474 विद्यार्थियों में से 467 छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए, जिससे विद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम 98.52 प्रतिशत रहा।विज्ञान वर्ग में 106 में से 103 विद्यार्थी उत्तीर्ण होकर 97.17% परिणाम दर्ज किया गया। वाणिज्य वर्ग में सभी 12 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, जिससे 100% परिणाम रहा। कला संकाय में 194 में से 191 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की, जो 98.43% रहा। वहीं कृषि विज्ञान वर्ग में 165 में से 164 विद्यार्थी सफल हुए, इस वर्ग का परिणाम 99.39% रहा। विज्ञान वर्ग में अभिषेक चौहान ने 94.40%, अभिजीत जैन ने 94.20%, गोयंशा माली ने 92.80% व अंकित मीणा ने 90% अंक प्राप्त किए। वाणिज्य वर्ग में अर्शी नाज ने 86.60% अंक प्राप्त कर श्रेष्ठता हासिल की। कला संकाय में हंसा चौधरी व योगिता पांचाल ने समान रूप से 92.80% अंक प्राप्त किए। कविता शर्मा को 91.60%, तनुश्री जांगिड़ को 91.40%, डिंपल सैनी को 90.80%, तनुष्का हावा को 90.60% व विशाखा जीनगर को 90.20% अंक प्राप्त हुए।कृषि विज्ञान वर्ग में गुलनाज बानो ने 92.20%, दीपक मीणा व अंजू माली ने समान रूप से 87.60% अंक प्राप्त किए। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सरकारी विद्यालय के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम निजी विद्यालयों की तुलना में अव्वल रहा, जिससे यह सिद्ध होता है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, समर्पित शिक्षक और मेहनती विद्यार्थियों का संगम कहीं भी श्रेष्ठ परिणाम दे सकता है।प्रधानाचार्य ऋतु पाराशर ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## जिला शिक्षा अधिकारी को बनाया सी बी ई ओ

किस्मत भीलवाड़ा

**केकड़ी** राज्य सरकार के शिक्षा विभाग के अधिकारियो की जारी ट्रांसफर लिस्ट मे जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक मुख्यालय अजमेर अनिल कुमार जोशी को चित्तौडग़ढ़ जिले भाईनसरोड़गढ़ मे मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के पद पर ट्रांसफर किया गया है

## रोमिल सिंह चौहान ने वाणिज्य संकाय में लहराया परचम

किस्मत भीलवाड़ा

**भीम** माशिबो के कक्षा 12 के वाणिज्य संकाय के घोषित परिणाम में शहर की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भीम के होनहार छात्र रोमिल सिंह चौहान ने कॉमर्स संकाय में 81% अंक अर्जित कर विद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया हैं। स्थानीय विद्यालय के सबसे होनहार छात्रों में से एक रोमिल सिंह चौहान की उपलब्धि पर समस्त परिजनों एवं गुरुजनों ने हर्ष व्यक्त किया हैं। एबीवीपी के पूर्व प्रांत कार्यसमिति सदस्य सुधीर सिंह चौहान के अनुसार रोमिल सिंह शुरु से ही मेधावी छात्र रहा हैं। पढ़ाई के साथ साथ खेल में भी विशेष रुचि रखते हुए क्रिकेट में विद्यालय स्तर पर उत्कृष्ट खिलाड़ी रहा हैं।रोमिल आगे बैंकिंग सेक्टर में अपना भविष्य बनाना चाहता हैं। रोमिल के अनुसार उसकी सफलता में स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य विजेन्द्र सिंह शेखावत का सतत् मार्गदर्शन एवं सभी गुरुजनों का महत्वपूर्ण योगदान रहा हैं । स्थानीय विद्यालय में कॉमर्स संकाय में खुशवीर सिंह, रोमिल सिंह चौहान एवं सुमित साल्वी ने टॉप 3 में स्थान बनाकर समस्त विद्यालय परिवार को गोरवान्वित किया हैं। मैं सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं।

**विजेन्द्र सिंह शेखावत पीईईओ भीम**



## श्री माधव गौउपचार केन्द्र पर निशुल्क 150 पानी की टंकिया वितरित की गई



**गुलाबपुरा** स्थानीय श्री माधव गौ उपचार समिति एवम् भारत विकास परिषद् शाखा की ओर से अपरा एकादशी के उपलक्ष पर श्री माधव गौ उपचार केंद्र में निःशुल्क 150 पानी की टंकिया वितरित की गई। निःशुल्क टंकी वितरण योजना के प्रभारी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए इस योजना का क्रियान्वयन किया गया जिसका उद्देश्य गली मोहल्ले में विचरण करने वाले सभी जीव जंतुओं को पीने के पानी की सुविधा मिल सके। हुरडा, लांबा तक टंकिया वितरित की गई। उपचार केंद्र को समाज सेविका मंजूला पारीक की ओर से दवाई हेतु 11000 रूपये एवम् अरविंद वैष्णव रूपाहेली की ओर से 3200 रूपये पौत्र नित्यांश द्वारा उपचार केंद्र को समर्पित किए गए।इस दौरान भारत विकास परिषद् के संपत व्यास, कन्हैया लाल सोनी, रमेश सोनी, दिनेश छतवानी, सत्यनारायण जागेटिया, बुद्धिप्रकाश शर्मा, सूरजकरण लड्ढा, उपचार केंद्र के मुकेश कुमार शर्मा, नवनीत जांगिड, कमल शर्मा, जगदीश चौबे,सुमित दाधीच, विनोद बैरवा, नीरज लड्ढा, रविशंकर उपाध्याय, मानक चंद जैन, लाल चंद मेवाड़ा, एडवोकेट गोपाल लाल वैष्णव,पवन प्रजापत, सुनीता पचारिया, संपत मैडम,सहित सदस्य मौजूद थे।

## कॉमर्स व बैंकिंग सेवा केरियर सेमिनार आयोजित



किस्मत भीलवाड़ा

**गुलाबपुरा** श्री गांधी उच्च माध्यमिक विद्यालय के समाज सेवा शिविर में मुख्य अतिथि मनीष जैन व विशिष्ट अतिथि सुनील कुमार लड्ढा उपस्थित थे। संस्था प्रधान सत्यनारायण अग्रवाल ने बताया कि समाज सेवा शिविर में कॉमर्स व बैंकिंग सेवा क्षेत्र में अनेक अवसर उपलब्ध है। वाणिज्य विषय लेकर विद्यार्थी चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने के लिए तैयारी कर सकता है, उसे विद्यार्थी को लेखाशास्त्र,अर्थशास्त्र और व्यवसाय प्रबंधन विषय का बारीकी से अध्ययन करना चाहिए। विद्यार्थी को व्यापार या व्यवसाय को सुविधा देने के लिए कंप्यूटर टैली अकाउंटेंसी करना आना चाहिए। मुख्य अथिति चार्टर्ड अकाउंट मनीष जैन ने बताया कि मैं कक्षा 10 व 12 में प्रथम श्रेणी अंको से मैंने उत्तीर्ण की थी, उसके बाद तैयारी की और मेरा अकाउंटेंट परीक्षा में रिजल्ट अच्छा रहा। इसलिए विद्यार्थियों को अंकों के साथ-साथ उसे व्यावसायिक ज्ञान भी होना चाहिए। अतिथियों का स्वागत व आभार अरविंद लड्ढा ने किया। इस दौरान विद्यालय स्टाफ लालसाहब सिंह, अरविंद लड्ढा, मुकेश सेन ,राकेश शर्मा, सरोज शर्मा,जितेंद्र आंचलिया, जितेंद्र प्रजापत आदि मौजूद थे।

## दीपाली राठैड़ ने साढ़े 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर गुलगांव विद्यालय में रही अव्वल

किस्मत भीलवाड़ा

**सावर।** सावर के निकटवर्ती ग्राम गुड़गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 12 वीं की छात्रा दीपाली राठौड़ पुत्री चन्द्र सिंह राठौड़ ने माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 94.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विधालय सहित परिवार का नाम रोशन किया है। संस्था प्रधान विनिता जैन ने बताया कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गुड़गांव की छात्रा राठौड़ ने माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में 94.40 प्रतिशत अंक हासिल कर विधालय सहित परिवार का नाम रोशन किया है। शुक्रवार को गुड़गांव सरपंच नीरज चौधरी,शिक्षक भीम सिंह, कालूराम रैगर,कालूराम कुमावत, राजेन्द्र प्रसाद बलाई, मीना वर्मा , रामस्वरूप खटीक, शैतान मीणा मोहन प्रजापत, पप्पू लाल मीणा, संगीता जांगिड़ ,किशन सिंह राठौड़ सहित विधालय परिवार चन्द्र सिंह राठौड़ एवं दीपाली राठौड़ के घर पहुंचे और माल्यार्पण कर व साफा बंधन कर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान दीपाली राठौड़ ने बताया कि मेरी सफलता का श्रेय विधालय के समस्त गुरू जनों एवं परिवार का जाता है। जिन्होंने मुझे समय-समय पर गाईड कर इस स्थान पर पहुंचा है।



## आजीविका के तहत महिलाओं को चार दिवसीय जिला स्तरीय सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग आयोजित

**राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकाश परियोजना के अंतर्गत**

किस्मत भीलवाड़ा

**भीलवाड़ा** गुरुवार को जिले में सामुदायिक प्रबंधित प्रशिक्षण केंद्र में जिले से जिला परियोजना प्रबंधक नागेंद्र तोलबिया ,पुलिस विभाग से जिला स्तरीय कमांडो राज कुमारी चौधरी ने समूह से जुड़ी महिलाओं को आज चौथे दिन समापन कार्यक्रम में आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया और महिलाओं को आगे आकर खुद की सहायता करने योग्य बनने प्रेरित किया। प्रशिक्षण में जिला प्रबंधक राम प्रसाद शर्मा ने बताया कि महिलाओं को ऑडिट प्रशिक्षण के साथ साथ आत्मरक्षा प्रशिक्षण एवं घरेलू हिंसा के कानून की जानकारी दी गई । साथ ही शारीरिक फिटनेस के लिए योगा की जानकारी भी दी जा रही है ताकि महिलाओं में आत्मविश्वास का संचार हो और आने वाली समस्याओं को निपटारा आसानी से कर पाए ।।



उक्त प्रशिक्षण में जिले से करीब 50 SHG ऑडिटर 30 VOA ऑडिटर उपस्थित हुए ।। इस तरह के प्रशिक्षण आगे भी कराए जाएंगे ताकि समूह की सभी सदस्य शसक्त वन सके । इस कार्यशाला में सरोज शर्मा ,संध्या बैरवा,भगवती मीणा, धीरज कवर एवं प्रियंका mt भी उपस्थित रहे।

## विज्ञान संकाय में पीएम श्री राजकीय स्कूल आसींद का ब्लाक में दबदबा

**उत्कृष्ट अंक हासिल करने वाले विद्यार्थियों का स्कूल में सम्मान**

किस्मत भीलवाड़ा

**आसींद ।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आसींद कि छात्रा कुमकुम कुमावत पुत्री मोहन कुमावत निवासी नई परासोली ने राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर द्वारा कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम गुरुवार को घोषित कर दिया गया। इस बार बोर्ड ने विज्ञान, कॉमर्स और कला तीनों संकायों का परिणाम एक साथ जारी किया। साथ ही वरिष्ठ उपाध्याय परीक्षा का परिणाम भी घोषित किया गया। उच्च माध्यमिक परीक्षा परिणाम में विज्ञान संकाय में 96.40 प्रतिशत अंक हासिल कर क्षेत्र में उत्कृष्ट अंक हासिल किया । बोर्ड परीक्षा प्रभारी भरत सेतुरिया ने बताया कि 12वीं के परीक्षा परिणाम में कुमकुम कुमावत ने 482 अंक के साथ क्षेत्र में प्रथम स्थान हासिल किया। रसायन विज्ञान के व्याख्याता भरत सेतुरिया ने बताया कि कुमकुम हमेशा अपनी समस्याओं का समाधान नियमित कक्षा शिक्षण के दौरान करती थी तथा प्रत्येक मौसम में भी विद्यालय की हमेशा नियमित और अनुशासित छात्रा रही। कुमकुम भविष्य में डॉक्टर बन कर ग्रामीण क्षेत्र में सेवा देना चाहती है। कुमकुम स्कूल समय के बाद घर पर अपनी मां के घरेलू कार्य में हाथ बटाने के साथ जो भी समय मिलता उसमें सेल्फ स्टडी द्वारा यह मुकाम हासिल किया। कुमकुम ने बताया कि वह प्रतिदिन कम से कम 7 से 8 घंटे अध्ययन करने का प्रयास करती। जब कभी घरेलू और सामाजिक व्यस्तता में पढ़ाई कम हो पाती है तो वह रविवार या अवकाश के दिनों में इसकी क्षतिपूर्ति कर लेती। कुमकुम को मेंहदी के हाथ बनाने मे रुचि रखती है। कुमकुम के पिता मोहनलाल एक साधारण किसान है जबकि मां पशुपालन का कार्य करती है। शुक्रवार को सीबीईओ लोकेश चन्द्र नागला कि उपस्थिति में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम हासिल करने वाले छात्र छात्रों व कूमकुम कुमावत कि माताजी चांदी देवी कुमावत का विद्यालय परिवार द्वारा माला पहनकर सम्मान किया गया । मौके पर संस्था प्रधान मीना प्रतिहार बालमुकुंद वैष्णव , ललित शर्मा, कमलेश सेन, महावीर टेलर हम्मीद खान पठान सहित अन्य अध्यापक गण मौजूद रहे ?।



## तहसीलदार बंटी राजपूत ने किया बढ़ते कदम गौशाला का निरीक्षण

**निरीक्षण मे सभी व्यवस्थाएं एवं दस्तावेज दुरस्त मिले**

**केकड़ी** केकड़ी तहसील की तहसीलदार बंटी राजपूत ने शुक्रवार को कादेड़ा रोड़ केकड़ी पर संचालित बढ़ते कदम गौशाला संस्थान का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। तहसीलदार बंटी राजपूत , पशुपालन विभाग के पशु चिकित्साधिकारी डॉ.अनीता कुमावत, पशुधन सहायक रामसिंह चौधरी, विष्णु खटीक ने गोशाला का निरीक्षण कर पशुओं के लिए छाया, पानी, चारे आदि की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। गोशाला के सचिव राजेन्द्र बियानी, कोषाध्यक्ष राकेश तोषनीवाल ने गोशाला में गोमाता के लिए की गई व्यवस्थाओं से अवगत करवाया। तहसीलदार ने गौशाला में सरकार द्वारा निर्देशित दस्तावेज की जांच की जो कि सभी दस्तावेज पूर्णरूप से भरे पाए गए। गोमाता के चारे व पानी के लिए की गई विशेष व्यवस्थाओं पर संतोष जताया। उन्होंने गोशाला में वर्षा ऋतु में पौधरोपण व औषधीय पौधे लगाने के निर्देश दिए। गोशाला में हरा चारा, कुटी, खाखला, तूड़ी,गुड, का पर्याप्त चारा पाया गया। पशु चिकित्साधिकारी ने गौवंश की जाँच की तीन वर्ष से बड़े 298गौवंश तथा तीन वर्ष से छोटे 186गौवंश, टोटल 484गौवंश मौजूद पाए गये। जिसमें एक्सिडेंट हुए गौवंश को छोड़ कर सभी स्वस्थ पाए। कहा पर्याप्त मात्रा में यहां छाया पानी की सुविधा उपलब्ध है । चारे के लिए अतिरिक्त भंडारण के लिए बन रहे गोदाम का भी अवलोकन किया गया ।



## चिंतन

# भारत से उलझने की बजाए देश संभालें पाकिस्तानी नेता

पुरानी कहावत है कि अगर कुत्ते की दुम को 16 साल तक पोगली में रखकर बाहर निकाला जाए तो भी वो टेढ़ी की टेढ़ी ही रहती है। यही हाल हमारे पड़ोसी देश पाकिस्तान का है। भारतीय सेना की कार्रवाई को पिद्दी सा पाकिस्तान चार दिन भी नहीं झेल पाया और भारत को रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय मंचों पर गुहार लगाने लगा। संयुक्त राष्ट्र संघ और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने गिड़गिड़ाने तक की नौबत आ गई। जब भारत संघर्ष विराम के लिए सहमत हो गया तो पाक नेता और सेना अधिकारी अपनी शेखी बघारने लगे। अब ऐसा ही एक और बयान सामने आया है। पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता अहमद शरीफ चौधरी ने भारत को धमकी देते हुए कहा कि, अगर तुम (भारत) हमारा पानी बंद करोगे, तो हम तुम्हारी सांसें बंद कर देंगे। यह बयान पाकिस्तान के एक विश्वविद्यालय में भाषण के दौरान का है। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो वायरल हो गया है। दरअसल भारत ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ जल संधि स्थगित कर दी है और पाकिस्तान जाने वाले पानी को रोक दिया है। चौधरी ने कहा कि भारत सोचता है कि वह पाकिस्तान का पानी रोक देगा। 24 करोड़ लोगों का पानी रोकना संभव ही नहीं है। जबकि भारत युद्ध विराम के दौरान ही साफ कर चुका है कि सिंधु जल समझौता निलंबित ही रहेगा। महज चार दिनों के युद्ध में ही यह बात पाकिस्तान अच्छी तरह से जान चुका है कि नए भारत को दुनिया की कोई ताकत रोक नहीं सकती। भारत अब दुनिया की सशक्त अर्थव्यवस्था बन चुका है। वहीं पाकिस्तान दिवालिया के कगार पर है। इसके बावजूद वो अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा। सुरक्षा एजेंसियों को आशंका है कि पाक से नेपाल पहुंचे संदिग्ध आतंकी किसी बड़ी साजिश को अंजाम देने के इरादे से भारत में दाखिल होने की योजना बना रहे हैं। सूचना है कि करीब तीन दर्जन संदिग्ध नेपाल पहुंच चुके हैं। इनमें पाकिस्तानी और बांग्लादेशी नागरिक शामिल हैं। ये लोग खुली सीमा का फायदा उठाकर भारत में घुसने की फिराक में हैं। इसीलिए सीमा पर सघन चेकिंग और पेट्रोलिंग बढ़ा दी है, ताकि कोई भी संदिग्ध तत्व भारत में प्रवेश न कर सके। असल में पाकिस्तान अपनी कमजोरी छिपाने के लिए भारत में अशांति पैदा करने की कोशिश करता रहता है। भारत के नाम पर वहां के हुक्मरान अपनी असफलताओं को ढकते रहते हैं। पाकिस्तान में अर्थव्यवस्था चौपट है। महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। बलूच अलगाववादी आंदोलन देश के अस्तित्व पर खतरा बन गया है। मार्च में जाफर एक्सप्रेस के हाईजैक के बाद बलूच लिबरेशन आर्मी के हौसले सातवें आसमान पर हैं। पाकिस्तानी सैनिकों को मौत के घाट उतार कर बीएलए ने स्पष्ट तौर पर पाक सरकार को चेता दिया है कि स्वतंत्र बलूचिस्तान की मांग को बलपूर्वक दबाना मुश्किल है। खैबर पख्तूनख्वा अलग तरह की आग में जल रहा है। यहां तहरीक-ए-तालिबान पाक आर्मी के लिए चुनौती बना हुआ है। सैन्य मोर्चे पर भी पाकिस्तान के हालात काफी खस्ता हैं। अब सेना अध्यक्ष मुनीर को फील्ड मार्शल का पद देकर शरीफ सरकार ने पाकिस्तान के आम आदमी के जख्मों पर नमक डालने का काम किया है। असल में इमरान खान समर्थक मुनीर को पसंद नहीं करते और शहबाज शरीफ उन्हें सिर पर बैठा रहे हैं। पाक नेताओं और सेना अधिकारियों को चाहिए कि भारत से उलझने की बजाए अपने हालात पर ध्यान दें। कहीं ऐसा न हो कि पाक इतिहास की किताबों में ही रह जाए।



**एयरबेस मामला**
अवधेश कुमार

> पाकिस्तान ने झूठ फैलाया था कि पंजाब स्थित आदमपुर एयरबेस पर हमले में रनवे, मिग-29 जेट, एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम और रडार नष्ट कर दिया, 60 सैनिक मारे गए और एयरबेस को भारी नुकसान पहुंचा। पाकिस्तान के सामने चुनौती है कि उसके प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ उन एयरबेसों पर जाकर लाइव दिखाएं जिनके बारे में भारत ने जबरदस्त क्षति पहुंचाने की बात कही है। खंडन तभी होगा जब पाकिस्तान वहां से लाइव कार्यक्रम करें और वह प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के द्वारा ही संभव है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ऐसा नहीं कर पाए हैं और यही बताता है कि भारतीय सेना का दावा सही है। शब्दों से खंडन की जगह प्रधानमंत्री ने स्वयं जाने और सैनिकों से संवाद करने का रास्ता चुना।

# मोदी सा साहस शहबाज नहीं दिखा सकते

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं आदमपुर एयरबेस यानी वायु सैनिक अड्डे पर गए जहां से उनका कार्यक्रम पूरी दुनिया ने देखा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कुछ एयरबेस पर जा रहे हैं । पाकिस्तान ने झूठ फैलाया था कि पंजाब स्थित आदमपुर एयरबेस पर हमले में रनवे, मिग-29 जेट, एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम और रडार नष्ट कर दिया, 60 सैनिक मारे गए और एयरबेस को भारी नुकसान पहुंचा। पाकिस्तान के सामने चुनौती है कि उसके प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ उन एयरबेसों पर जाकर लाइव दिखाएं जिनके बारे में भारत ने जबरदस्त क्षति पहुंचाने की बात कही है। प्राइवेट कंपनी मेक्सार ने सेटेलाइट की तस्वीरें जारी की हैं। इनमें सरगोधा, नूर खान, भेल्लारी, सुक्कूर, जकोबाबाद स्थित शाहबाज एयरबेस आदि की तस्वीरें बता रही हैं कि 8 मई के पहले कैसी थीं और भारतीय कार्रवाई के बाद किस हालत में हैं। खंडन तभी होगा जब पाकिस्तान वहां से लाइव कार्यक्रम करें और वह प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के द्वारा ही संभव है। काफी दिनों बाद उनमें से कुछ पर जाते हैं तो कोई मायने नहीं होगा क्योंकि कम क्षति वाले कुछ क्षेत्र की मरम्मत की जा सकती है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ऐसा नहीं कर पाए हैं और यही बताता है कि भारतीय सेना का दावा सही है। शब्दों से खंडन करने की जगह प्रधानमंत्री ने स्वयं जाने और सैनिकों से संवाद करने का रास्ता चुना। लाइव तस्वीरें दुनिया देख रही थी। प्रधानमंत्री जहां से बोल रहे थे उसके पीछे एस400 प्रणाली भी दिख रही थी, रनवे भी दिखा और सैनिकों का उत्साह सातवें आसमान पर था।

जब कोई देश किसी पर हमला करेगा और हमारे बीच अघोषित युद्ध होगा तो यह संभव नहीं कि उसमें अपना नुकसान नहीं हो। बगैर मूल्य चुकाये कोई उपलब्धि हासिल नहीं होती। देश का मानस पाकिस्तान के साथ सैनिक टकराव में इसके लिए तैयार था कि हमारा भी नुकसान होगा किंतु उसे सबक सिखाये बगैर रुकना नहीं है। जितनी संख्या में उनके मिसाइल, ड्रोन चले, लड़ाकू जेट तक शामिल हुए तो उसका कहीं असर होगा। वैसे जितनी जानकारी आई है उसके अनुसार कोई बड़ी क्षति भारत को नहीं हुई। पाकिस्तान ने अपने सैन्य दुस्साहस की शर्मानाक विफलता और लगातार कमजोर होती रक्षा और आक्रमण प्रणाली से देश की जनता की दृष्टि हटाने के लिए लगातार झूठी सूचनायें प्रसारित कीं। पाकिस्तान के दुष्प्रचार का साथ देने वाले हमारे देश के इकोसिस्टम ने आदमपुर से आए वीडियो में एक-एक के चेहरे और आंखों को तलाशने की कोशिश की होगी ताकि कोई या कुछ मिल जाए जिसके चेहरे को देखकर बता सकें कि उत्साह झूठा था। वीडियो को रोक कर स्लो मोशन में देखा होगा ताकि कुछ नुकसान दिख जाए। कुछ दिखा नहीं पाए, इसका अर्थ भी साफ है। दुर्भाग्य से भारत को दुष्प्रचार युद्ध में पाकिस्तान और भारत विरोधी विदेशी शक्तियों के साथ बड़ी संख्या में अपने देश के उन समूहों से लड़ना पड़ रहा है जिनके बारे में समझना मुश्किल है कि उनकी प्रतिबद्धता क्या है? सच यह है जब भारत की मिसाइलें पाकिस्तान के न्यूक्लियर संस्थाओं के दरवाजे तक पहुंच गईं, वह ज्यादा भयभीत हुआ कि आगे न्यूक्लियर युद्ध की धमकी भी देने की स्थिति में नहीं रहेंगे। डोनाल्ड ट्रंप स्वयं को विश्व का अगुवा नेता और अपने नेतृत्व में अमेरिका को किसी संघर्ष को रोकने में सक्षम



दिखाने के उतावलेपन में कह रहे हैं कि उन्होंने दो नाभिकीय संपन्न देशों के बीच नाभिकीय युद्ध रुकवाया तो साफ है कि पाकिस्तान ने यही बात रखी होगी। हालांकि नाभिकीय युद्ध की कहीं संभावना नहीं थी। प्रधानमंत्री मोदी के समक्ष अमेरिका की ओर से यह बात आई तभी तो उन्होंने कहा कि न्यूक्लियर ब्लैकमेल नहीं चलेगा। क्या इसका अर्थ है कि भारतीय बलों ने अपनी युद्ध रणनीति के कारण यह आत्मविश्वास प्राप्त कर लिया है कि समय पर पाकिस्तान के नाभिकीय संस्थानों को ऐसी स्थिति में पहुंचा सकते हैं या उनका नियंत्रण ले सकते हैं जहां न रेडियोएक्टिव तत्वों के रिसने का खतरा रहे और न पाकिस्तान उनके इस्तेमाल करने में सक्षम? अभी अंतिम निष्कर्ष नहीं दिया जा सकता किंतु दो दिनों के युद्ध में कुछ स्थितियां स्पष्ट थीं। विश्व के कई विख्यात रक्षा विशेषज्ञ भी इसकी पुष्टि कर रहे हैं। ज्यादातर का मानना है कि 10 मई को जब भारतीय वायु सेना ने ब्रह्मोस और स्कैल्प इजी मिसाइलों से पाकिस्तान के कई एयरबेस को निशाना बनाया और इस दौरान सुखोई 30 एमके आई, मिराज 2000 और राफेल भी दौड़ रहे थे तो पाक की स्थिति काफी खराब हो गई। जगुआर लड़ाकू बमवर्षक विमानों से इसराइल से प्राप्त रैम्पेज मिसाइलों से सुक्कूर एयरबेस को निशाना बनाया गया। ब्रह्मोस-ए सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ने पाक एयरबेस के मुख्य रनवे को पूरी तरह नष्ट कर दिया। रहीम यार खान एयरबेस को शेख जायद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा भी कहा जाता है, जो पाकिस्तान वायुसेना का महत्वपूर्ण सैन्य अड्डा है। हमले को रात में सटीकता से अंजाम दिया गया ताकि नागरिक नुकसान से बचा जा सके। हमले में सैन्य सुविधाओं, इमारतों और उपकरणों को नुकसान पहुंचा और स्क्वाड्रन लीडर उस्मान यूसुफ सहित कुछ सैन्यकर्मियों की मौत हो गई। सरगोधा एयरबेस निशाने पर था और वहीं किरण हिल्स में नाभिकीय केंद्र के प्रवेश द्वार पर विस्फोट किया गया। पाकिस्तानी लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने कहा कि भारतीय निर्मित इजरायली हारोप ड्रोन ने कराची और लाहौर सहित कई स्थानों में हमले किए। लाहौर के सुंदर इंडस्ट्रियल एरिया में धमाकों के वीडियो और स्थानीय मीडिया की रिपोर्टों ने भी इन हमलों की पुष्टि की मोटा-मोटी आकलन है कि दो-तीन दिन से ज्यादा का भंडार उसके पास नहीं था। साफ दिख रहा था कि पाकिस्तान ने भारत द्वारा मिसाइलों से नौ महत्वपूर्ण आतंकवादी केन्द्रों को ध्वस्त करने को अपनी शान और इज्जत के विरुद्ध मान लिया और उत्तर से दक्षिण श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट ,अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, भटिंडा ,चंडीगढ़, नाल फलोदी और भुज आदि पर ड्रोन और मिसाइल के ताबड़तोड़ हमले शुरू कर दिए। भारतीय सैन्य बलों ने इसका पूर्ण आकलन करते हुए प्रत्यक्ष कई गुना बड़े प्रत्याक्रमण की तैयारी की थी और परिणाम हुआ कि हमले असफल किए जाने लगे। पाकिस्तान सेना के मुख्यालय रावलपिंडी भी ड्रोन के निशाने पर आया। भारतीय ड्रोनों ने चीन की हत्फ 9 सरफेस टू एयर मिसाइल ऑपरेट करने वाली बटालियन को नुकसान पहुंचाया, लाहौर में पूरी टुकड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई, कराची की सुरक्षा में तैनात हत्फ 9 बटालियन को भी जबरदस्त नुकसान पहुंचा। इसी का परिणाम था कि पाकिस्तान को एफ16 वायुयान तक का इस्तेमाल करना पड़ा। पाकिस्तान अगर एस 400 मिसाइल रक्षा प्रणाली को मार गिराने का दावा कर रहा है तो उसे बताना होगा कि रडार मिसाइल निगरानी में यह कैसे संभव हुआ? प्रधानमंत्री और हमारे सैन्य प्रवक्ताओं की भाषा बिल्कुल एक है कि सीमा पार आतंकवाद की संभावनाओं तक को पूरी तरह समाप्त करने की लंबी योजना और रणनीति से आरंभ ऑपरेशन सिंदूर केवल स्थगित है, समय और परिस्थितियों के अनुसार आगे भी जारी रहेगा।

**वैश्विक परिदृश्य**
डॉ. एस.डी. वैष्णव




# बलूचिस्तान के संघर्ष की मुखर आवाज़ बनी महरंग

युद्ध सभ्य समाज की निशानी नहीं है,लेकिन पहलगाम में आतंकी हमला करके पाकिस्तान ने अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मार ली। हालांकि, वर्षों से भारत में सुनियोजित तरीके से आतंकवादी हमले प्रायोजित करना पाकिस्तान की पुरानी फितरत रही है, लेकिन इस बार उसे मुँह की खानी पड़ी। भारतीय सेना के शौर्य-पराक्रम और सरकार के त्वरित एवं साहसिक निर्णयों ने भारतीय जनमानस की उम्मीदों के अनुरूप 'ऑपरेशन सिंदूर' से उसे ऐसे नाकों चने चबवाए कि भारत के एक ही प्रहार से ध्वस्त और आहत पाकिस्तान में ऐसा हाहाकार मचा कि उसे सीजफायर पर आना पड़ा। पाकिस्तान एक ऐसा देश है जो अपने भीतरी संघर्षों एवं खून-खराबों से ऊपर उठ नहीं पा रहा है। बावजूद उसने इस बार भारत से टकराने की हिमाकत की जिसका खामियाजा उसे भुगतना पड़ा। वैसे तो पीओके वाले गिलगित-बाल्टिस्तान और पाक-अफ़गान सीमा जो डूरंड लाइन के आसपास का क्षेत्र है, वहां सक्रिय चरमपंथी संगठन तहरीक-ए-तालिबान के साथ पाकिस्तानी सेना का वहाँ के लोगों के साथ संघर्ष और झड़पें लगातार चलती रहती हैं। इन दिनों सिंध प्रांत में भी वहां की अवाम ने पाकिस्तान सेना और सरकार के ख़िलाफ़ मोर्चा खोल दिया है। इसी क्रम में बलूचिस्तान प्रांत एक ऐसा क्षेत्र है, जो सदैव अराजकता और अशांति के अंधेरे के बीच गुजर-बसर करते हुए, आज भी आजादी की नई रोशनी के कतरे तलाश रहा है। पिछले कुछ वर्षों से वहां की सामाजिक एवं मानवाधिकार कार्यकर्ता महरंग बलोच बलूचिस्तान की आजादी की मुखर आवाज़ बन गई है। बलूचिस्तान की शेरनी के नाम से मशहूर महरंग बलोच पेशे से डॉक्टर और मानवाधिकार कार्यकर्ता एवं बलोच यकजेहती कमेटी कमेटी की संस्थापक है। वहाँ दशकों से हो रही हिंसा, असहमति की लड़ाई, अपहरण, बेजा हत्याएं और मानवाधिकारों के हनन के ख़िलाफ़ वह अहिंसात्मक आंदोलनों के माध्यम से बलूच लोगों को एकजुट करती रही है। उनके तेज-तर्रार और आक्रोश से भरे भाषणों में गुलामी और पीड़ा से उपजी व्यथा का दंश झलकता है। महरंग बलोच ने पाकिस्तानी सेना और वहां के राजनीतिक हलकों का दम फूलाकर रख दिया है। यही कारण है कि कुछ दिन पूर्व क्वेटा में एक प्रदर्शन के दौरान उन्हें पाकिस्तानी सेना द्वारा गिरफ्तार करके ब्लॉक 9 की सेल नंबर 5 में बंद कर दिया गया। क्वेटा की इसी जेल में कभी उनके पिता को भी क़ैद रखा गया था। बाद में उनका क्षत-विक्षत शव मिला था। इतिहास में झाँककर देखें, तो भारत-पाकिस्तान के विभाजन के साथ ही बलूचिस्तान और वहाँ के लोगों ने स्वयं को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में स्थापित करने का प्रयास किया। हालांकि, ब्रिटिश शासन के दौर में ही 11 अगस्त 1947 को बलूचिस्तान को नया देश बना दिया गया। उस वक्त लॉर्ड माउंटबेटन ब्रिटिश वायसराय थे। बलूचिस्तान को आजाद करते हुए एक पेंच ऐसा फंसाया गया जिसके तहत बलूचिस्तान की सुरक्षा का जिम्मा पाकिस्तान को सौंपा गया। बलूचिस्तान की आजादी के एक महीने बाद ही ब्रिटेन ने एक नया प्रस्ताव पारित किया और कहा कि बलूचिस्तान अंतरराष्ट्रीय जिम्मेदारियां उठाने लायक नहीं है, इसलिए उसे एक स्वतंत्र देश नहीं बनाया जा सकता। आगे इसका फायदा पाकिस्तान ने बलूचिस्तान को अपने कब्जे में लेकर उठाया। 1948-50 से लेकर अब तक बलूचिस्तान की आजादी के लिए कई आंदोलन हो चुके हैं। बलूचिस्तान की आजादी के लिए जंग लड़ रही बीएलए यानी बलूच लिबरेशन आर्मी का पाकिस्तानी सेना के साथ लगातार संघर्ष जारी है। हालिया दिनों में 14 मई 2025 का दिन बलूचों के लिए एक ऐतिहासिक दिन रहा, जब बलूच नेता, मानवाधिकार कार्यकर्ता और 'फ्री बलूच मूवमेंट' के प्रतिनिधि मीर यार बलूच ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बलूचिस्तान की आजादी की घोषणा की। बहरहाल, पाकिस्तान में महरंग बलोच नाम का एक तूफ़ान उठ खड़ा हुआ है। शांति के वैश्विक प्रयासों को मान्यता देने वाले वर्ष 2025 के शांति के नोबेल पुरस्कार के लिए महरंग बलोच को नामित किया गया है। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार उनके लिए नहीं, बल्कि बलूचिस्तान में जबरन गायब किए गए लोगों और उनके परिवारों की आवाज़ को वैश्विक स्तर पर मान्यता का प्रयास है। उम्मीद की जानी चाहिए कि शांति और अहिंसा के मार्ग पर चलकर आजादी की अलख जगा रही महरंग बलोच को यह पुरस्कार मिले और जल्द उनकी रिहाई सुनिश्चित हो। पाकिस्तान में गृह युद्ध के हालात उत्पन्न हो गए हैं। इधर भारतीय जनमानस ऑपरेशन सिंदूर से मिले विजय उत्साह को बनाए रखें। एक दिन पीओके में तिरंगा अवश्य लहराएगा।

(लेखक सामरिक मामलों के जानकार, स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# श्रावण मास का धार्मिक और वैज्ञानिक महत्व



संकलित

**दर्शन**

भारतीय मनीषियों ने काल गणना के प्रसंग में संस्कृत के 12 मासों को वैज्ञानिकता की पृष्ठभूमि में निर्धारित किया है, जिसमें श्रावण मास चैत्रादि मासों के क्रम में पांचवें मास के क्रम में स्वीकार किया है। संस्कृत व्याकरण की दृष्टि से श्रवण नक्षत्र में अण प्रत्यय के योग से श्रावण शब्द बनता है, जिसका अर्थ है श्रवण से संबंधित। ध्यातव्य है कि ज्योतिष शास्त्र में श्रवण नक्षत्र का स्वामी भगवान विष्णु को माना गया है। जिस महीने में श्रवण नक्षत्र में पूर्णिमा होती है, उसे ही श्रावण मास कहते हैं। कुछ विद्वानों के मत से सृष्टि का प्रारंभ जल से हुआ है और सावन मास जल के लिए जाना जाता है। अतः यह सृष्टि का पहला महीना है। वेद कहते हैं- 'अप एव ससर्जादौ' अर्थात विधाता ने सर्वप्रथम जल का निर्माण किया। महाकवि कालिदास जी कहते हैं- या सृष्टिः स्त्रष्टुराद्या अर्थात ब्रह्मा की पहली सृष्टि जल ही है। सावन मास में सूर्य दक्षिणायन हो जाते हैं। कर्क राशि का सूर्य ही सावन मास है। इस महीने भगवान विष्णु जल का आश्रय लेकर क्षीरसागर में शयन करने चले जाते हैं। जल वृष्टि अधिक होने से पृथ्वी में कणों के गर्भांकुर फूट पड़ते हैं। गर्मी का ताप शांत हो जाता है। हृदयहारी वायु बहने लगती है। सभी चराचर जड़ चेतन जीव-जंतु हर्षित हो जाते हैं। प्रकृति का वातावरण सुरम्य हो जाता है। संपूर्ण जीव-जगत उल्लास से भर जाता है। ऊष्णता से संतप्त प्राणियों को शरण देने वाला श्रावण मास का शुभागमन परम आह्लाद देने वाला हो जाता है। सरिताएं, नद, तालाब, नवीन जल से परिपूर्ण हो जाते हैं। बादल पृथ्वी के निकट आ जाते हैं।

# ज्ञान पाना चाहते हैं तो अहंकार छोड़ दें



संकलित

**प्रेरणा**

गौतम बुद्ध यात्रा करते रहते थे और बीच-बीच में जहां ठहरते थे, वहां अपने शिष्यों को और अन्य लोगों को उपदेश दिया करते थे। बुद्ध के साथ उनका एक शिष्य हमेशा रहता था। उसका नाम था आनंद। एक दिन बुद्ध प्रवचन दे रहे थे और उस समय आनंद ने पूछा कि तथागत, आप जब प्रवचन देते समय ऊंची जगह पर बैठते हैं और सुनने वाले नीचे बैठते हैं, ऐसा क्यों है? बुद्ध ने आनंद की बातें ध्यान से सुनीं और कहा कि आनंद पहले तुम ये बताओ कि क्या तुमने कभी किसी झरने से पानी पिया है? आनंद बोला कि हां, मैंने झरने से पानी पिया है। इसके बाद बुद्ध ने फिर पूछा कि तुमने पानी कैसे पिया? आनंद ने बुद्ध को बताया कि झरना ऊपर से बह रहा था और मैंने झरने के नीचे खड़े होकर पानी पिया था।

बुद्ध ने आनंद से कहा कि बस यही तुम्हारी बात का जवाब है। अगर हम झरने से पानी पीना चाहते हैं तो हमें उस झरने के नीचे ही खड़े रहना पड़ेगा। ठीक इसी तरह प्रवचन भी एक झरने की तरह है। जहां ज्ञान का झरना बहाने वाला ऊंची जगह पर बैठते हैं और जो लोग ज्ञान के झरने का पान करना चाहते हैं, वे नीचे बैठते हैं। दरअसल, ज्ञान पाने का सबसे पहला नियम ये है कि हमें अहंकार छोड़ना पड़ेगा। नीचे बैठने से हमारे स्वभाव में जो विनम्रता आती है, अहंकार दूर होता है। इसके बाद ही हम किसी की ज्ञान की बातें ठीक से समझ पाते हैं।

## सटाका




## आज की पाती

### कूटनीति के मंच पर लोकतंत्र की परीक्षा

भारत की लोकतांत्रिक संरचना और विविधतापूर्ण सामाजिक ताने-बाने ने उसे वैश्विक मंच पर एक आदर्श राष्ट्र के रूप में स्थापित किया है, जहां विभिन्न विचारधाराएं, जातियां, धर्म और भाषाएं एकजुट होकर सह-अस्तित्व की प्रेरणा देती हैं। लेकिन जब यह आंतरिक एकता राजनीतिक स्वार्थों और आरोप-प्रत्यारोप की भेंट चढ़ने लगे, तब राष्ट्र की साख और उद्देश्य दोनों ही संकट में पड़ जाते हैं। हाल ही में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के जवाब में भारत सरकार द्वारा गठित सात प्रतिनिधिमंडलों का उद्देश्य था- भारत की एकता, अनेकता में एकता और लोकतांत्रिक मूल्यों का संदेश दुनिया भर में पहुंचाना।

– **राजेंद्र ठाकुर**, धमतरी

## ट्रेंड

### बीएसएफ सबसे सशक्त



दुर्गम सीमाओं और विषम मौसमीय परिस्थितियों में भी सीमाओं पर मुस्तैद बीएसएफ ने सीमा सुरक्षा के अपने संकल्प को दृढ़ता से निभाया है। मोदी सरकार बीएसएफ को अत्याधुनिक तकनीकों और संसाधनों से सुसज्जित कर इसे विश्व का सबसे सशक्त सुरक्षा बल बना रही है।

**-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### जर्मनी की एकजुटता



आज बर्लिन में चांसलर फ्रेडरिक मर्ज से मिलकर गौरवान्वित महसूस किया। हम रणनीतिक साझेदारी का विस्तार करने के लिए उनकी सरकार के साथ काम करने के लिए तत्पर हैं। आतंकवाद से मुकाबले के प्रति जर्मनी की एकजुटता सराहनीय है।

**- एस. जयशंकर, विदेश मंत्री**

### जनता की मुस्कान



हमारी सरकार का संकल्प है कि हर नागरिक की शिकायत का समयबद्ध समाधान हो और प्रशासन अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी व जनहितैषी बने। जनता की मुस्कान ही हमारी सबसे बड़ी जीत है।

**-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली**

### नकारात्मकता का खोल



'आपरेशन सिंदूर' के सफल होने के बाद से ही कांग्रेस में खरगे-राहुल गांधी की जोड़ी ने 'घोर नकारात्मकता का खोल ओढ़' रखा है। भारतीय सेना ने पाकिस्तान में मय सबूत के साथ प्रहार कर दिया जो अब उनकी खुन्नस में तब्दील हो गया है।


**केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम, उप्र**

संपादकीय

## करंट अफेयर

# सार्वभौमिक टीके महामारी से लड़ने के तरीके बदल देंगे

हर साल, वैज्ञानिक उत्परिवर्तित वायरस का पता लगाने के लिए संघर्ष करते हैं, दवा कंपनियां टीकों को नये सिरे से तैयार करती हैं तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली टीके और उपकरणों की नयी खेप प्राप्त करने की तैयारी करती है। यह निरंतर चलने वाली प्रक्रिया फ्लू और कोविड जैसे खतरों के खिलाफ हमारी अग्रिम पंक्ति की रक्षा है – लेकिन इसकी कीमत बहुत अधिक है। वैश्विक स्तर पर, अरबों अमेरिकी डॉलर, वायरस के स्वरूप की निगरानी, टीके के विकास और वितरण में खर्च किए जाते हैं तथा पहले से ही मुश्किल परिस्थितियों का सामना कर रही स्वास्थ्य प्रणाली – विशेष रूप से निम्न आय वाले देशों में – तालमेल बनाए रखने के लिए संघर्ष कर रही है। यही कारण है कि वैज्ञानिक लंबे समय से सार्वभौमिक टीके विकसित करने का लक्ष्य रखते रहे हैं – जो मौसमी और महामारी, दोनों प्रकार के वायरस सहित इसके सभी प्रमुख स्वरूपों से सुरक्षा प्रदान करते हैं। लेकिन इन टीकों को डिजाइन करना मुश्किल साबित हुआ है। कठिनाई वायरस के उत्परिवर्तन के तरीके में है। इन्फ्लूएंजा और सार्स सीओवी-2 (कोविड का कारण बनने वाला वायरस) तेजी से बदलते हैं, जिससे वे पिछले संक्रमणों या टीकाकरणों से उत्पन्न होने वाली प्रतिरक्षा प्रणाली की स्मृति प्रतिक्रियाओं से बच जाते हैं।



## ऑफ बीट

# घर अक्सर थर्मोस्टेट से अधिक गर्म लगते हैं

एक ही सड़क पर बने दो घर : एक 1950 के दशक में और दूसरा 1990 के दशक में बनाया गया था। वहां कोई पेड़ या अन्य छाया नहीं है। एयर कंडीशनिंग इकाइयाँ समान हैं, हाल ही में बदली गई हैं, और पूरी तरह से काम कर रही हैं। समान थर्मोस्टेट 82 डिग्री फ़ारेनहाइट (27.8 सेल्सियस) पर सेट होते हैं। जब बाहर का तापमान 110 एफ (43.3 सी) होता है, तो 1950 के दशक का घर हवा के समान तापमान के साथ भी अंदर संभवतः कम से कम 10 एफ (5.6 सी) गर्म महसूस होता है। क्यों? इसका उत्तर तेज गर्मी से संबंधित है। तेज़ गर्मी ही वह चीज़ है जो आपको ठंडी सर्दियों की रात में कैम्प फायर में गर्म रखती है। आग हवा को अधिक गरम नहीं करती; बल्कि, सूर्य की तरह, आग की अधिकांश गर्मी अदृश्य तरंगों के माध्यम से सीधे कैम्प फायर से आपके शरीर तक पहुंचती है। गर्म, धूप वाले दिन में, अच्छा इन्सुलेशन और डबल-फलक वाली खिड़कियां एयर कंडीशनिंग के लिए कम गर्मी का हस्तांतरण करती हैं, जिससे इमारत के अंदर का औसत तापमान हवा के तापमान के कुछ डिग्री के भीतर रहता है। गर्म सतहों के कारण छोटी इमारतें, जैसे कि मोबाइल घर, छोटे घर, शिपिंग कंटेनर और अपार्टमेंट में बदल गए गैरेज, अक्सर थर्मोस्टेट सेटिंग की परवाह किए बिना असहज महसूस करते हैं।



## खबर संक्षेप



### सिप्ला का लाभ 30 फीसदी बढ़कर 1,222 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** दवा कंपनी सिप्ला का बीते वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 30 प्रतिशत बढ़कर 1,222 करोड़ रुपये रहा है। सिप्ला ने मंगलवार को जनवरी-मार्च 2025 तिमाही के वित्तीय नतीजों की सूचना शेयर बाजार को दी। एक साल पहले की समान तिमाही में उसे 939 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ हुआ था। सिप्ला ने कहा कि समीक्षाधीन अवधि में उसकी परिचालन आय बढ़कर 6,730 करोड़ रुपये हो गई, जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 6,163 करोड़ थी।

### भारती एयरटेल के मुनाफे में पांच गुना बढ़ोतरी



**नई दिल्ली।** दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल का मार्च में समाप्त तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ करीब पांच गुना होकर 11,022 करोड़ रुपये हो गया। मुख्य रूप से शुल्क बढ़ोतरी के प्रभाव के कारण कंपनी का मुनाफा बढ़ा है।
भारती एयरटेल ने एक साल पहले इसी अवधि में 2,071.6 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि जनवरी-मार्च, 2025 तिमाही में उसका परिचालन राजस्व 27 प्रतिशत बढ़कर 47,876.2 करोड़ रुपये हो गया, जो मार्च, 2024 की तिमाही में 37,599.1 करोड़ रुपये था।

### पावर मेक प्रोजेक्ट्स को मिला 982 करोड़ का ठेका



**नई दिल्ली।** पावर मेक प्रोजेक्ट्स को एकीकृत टाउनशिप के निर्माण के लिए तेलंगाना पावर जेनरेशन कॉरपोरेशन से 971.98 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। पावर मेक प्रोजेक्ट्स ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया यह ठेका निर्माणस्थल का कब्जा लेने की तारीख से 30 महीने के भीतर पूरा किया जाएगा। कंपनी सूचना के अनुसार, कंपनी को तेलंगाना पावर जनरेशन कॉरपोरेशन से 971.98 करोड़ रुपये का ठेका मिला है।

### हीरो मोटोकॉर्प का लाभ 24 प्रतिशत बढ़ा




**नई दिल्ली।** हीरो मोटोकॉर्प का वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 24 प्रतिशत बढ़कर 1,169 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का वित्त वर्ष 2023-25 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में मुनाफा 943 करोड़ रुपये रहा था। हीरो मोटोकॉर्प ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि तिमाही के दौरान उसकी कुल आय सालाना आधार पर 9,794 करोड़ रुपये से बढ़कर 10,244 करोड़ रुपये हो गई।

### सुवेन लाइफ साइंसेज को 43.95 करोड़ का घाटा



**नई दिल्ली।** सुवेन लाइफ साइंसेज लिमिटेड का वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध घाटा बढ़कर 43.95 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कंपनी को राजस्व में गिरावट और अधिक व्यय के कारण घाटा हुआ। सुवेन लाइफ साइंसेज लिमिटेड का वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में एकीकृत शुद्ध घाटा 26.54 करोड़ रुपये दिया था। कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन अवधि में उसकी परिचालन आय घटकर 1.47 करोड़ रुपये रही।

# कर्ज लेने की औसत आयु 21 साल घटकर 25 से 28 के बीच : रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कर्ज लेने वाले ग्राहकों की औसत उम्र में कमी आई है। पहले औसतन 47 साल की उम्र में लोग कर्ज लेते थे, जबकि अब 25 से 28 साल की उम्र में ही कर्ज लेना शुरू हो जाता है। एक अध्ययन रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट कहती है कि अब ग्राहक पिछली पीढ़ियों के मुकाबले औसतन 21 साल पहले कर्ज लेने लगे हैं। उपभोक्ता कर्ज और मुफ्त 'क्रेडिट स्कोर' की सूचना देने वाले मंच 'पैसा बाजार' के इस अध्ययन के मुताबिक, ''1960 के दशक में जन्मे उपभोक्ताओं ने औसतन 47 साल की उम्र में अपना पहला कर्ज लिया। वहीं, 1990 के दशक में जन्मे उपभोक्ता कर्ज लेने की शुरूआत 25 से 28 वर्ष की उम्र में ही कर रहे हैं।"

## एक अध्ययन रिपोर्ट में यह आंकड़ा जारी किया गया

### कर्ज की पहुंच पहले से आसान हुई

बिनानी ने कहा कि विश्लेषण से यह भी पता चलता है कि किस तरह समय के साथ पूरा परिवेश बेहतर हुआ और कर्ज पहुंच आसान होती गयी है। पैसाबाजार के अध्ययन के मुताबिक, कर्ज के लिए चुने जाने वाले उत्पादों में भी पीढ़ियों के बीच स्पष्ट बदलाव आया है।



### अब लोग कर्ज युवावस्था में ले रहे

अध्ययन के अनुसार, पहले लोग आवासीय ऋण को उम्रदराज होने पर लेते थे लेकिन अब युवावस्था में ही लोग कर्ज लेने लगे हैं। पहले घर के लिए कर्ज लेने की औसत उम्र 41 साल (1970 के दशक में जन्मे लोगों के लिए) हुआ करती थी, वहीं अब यह घटकर 28 वर्ष (1990 के दशक में जन्मे लोगों के लिए) हो गई है। इसी तरह, कारोबार के लिए पहला कर्ज लेने की औसत उम्र भी 42 साल से घटकर 27 साल हो गई है।

### उपभोक्ता अब असुरक्षित कर्ज ले रहे

जहां पिछली पीढ़ियां आमतौर पर अपनी कर्ज की शुरूआत आवास ऋण या वाहन कर्ज जैसे सुरक्षित कर्जों से करती थीं, वहीं 1990 के दशक में जन्मे उपभोक्ता आमतौर पर 25 से 28 वर्ष की उम्र में असुरक्षित माने जाने वाले क्रेडिट कार्ड, व्यक्तिगत ऋण और टिकाऊ उपभोक्ता सामानों के लिए कर्ज ले रहे हैं।

### उपभोक्ताओं की सोच में आया बदलाव

इससे यह स्पष्ट होता है कि कर्ज मिलना अब पहले से कहीं ज्यादा आसान हो गया है और उपभोक्ता की सोच में भी बदलाव आया है। पीबी फिनटेक समूह की इकाई पैसाबाजार ने इस रिपोर्ट में एक करोड़ से ज्यादा उपभोक्ताओं के कर्ज लेने की प्रवृत्ति का विश्लेषण किया है।

### जरूरतों को पूरा करने इस्तेमाल कर रहे कर्ज

पैसाबाजार की मुख्य उत्पाद अधिकारी राधिका बिनानी ने कहा, "आज के युवा उपभोक्ता ज्यादा जागरूक, महत्वाकांक्षी और डिजिटल रूप से सक्षम हैं। पहले की तुलना में वे न केवल जल्दी कर्ज ले रहे हैं बल्कि उसका अधिक आत्मविश्वास से और विभिन्न वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं।"

# भीलवाड़ा शराब माफिया ओवर रेटिंग से प्रतिदिन लाखों की अवैध वसूली

### शराब ठेकेदारो की मनमानी बेच रहे मनमाना कीमत पर शराब

## पुलिस अधीक्षक यादव क्यों नहीं लगा रहे लगाम !







किस्मत भीलवाड़ा

**भीलवाड़ा।** वस्त्र नगरी इन दिनों शराब माफियाओं की मनमानी का नया गढ़ बनता जा रहा है। खुलेआम ग्राहकों को लूटा जा रहा है और हालात ऐसे हैं कि जिला प्रशासन आंखें मूंदे बैठा है। ओवररेटिंग, मनमानी कीमतें और एमआरपी से अधिक वसूलने का खेल इस हद तक बढ़ गया है कि ग्राहक ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि जब से मुख्यमंत्री डॉ. भजनलाल शर्मा ने प्रदेश की कमान संभाली है तब से यह स्थिति और भी भयावह रूप ले चुकी है। सवाल उठता है कि क्या नई सरकार में शराब माफियाओं को खुली छूट मिल गई है या फिर प्रशासन की ढिलाई उन्हें और बेलगाम बना रही है,

**खुलेआम ओवरराइटिंग, प्रशासन मौन**

भीलवाड़ा शहर में सुखाड़िया सर्किल, आजाद नगर, पूर्ण बस स्टैंड, ट्रांसपोर्ट नगर, शारदा चौराहा सहित ऐसी कोई शराब दुकान नहीं बची है, जहां लोगों को लूटा न जा रहा हो, शराब ठेकेदारों की मनमानी चरम पर है। दुकानों पर एमआरपी सूची नहीं लगी होती और ग्राहक उनके द्वारा तय की गई कीमतों पर शराब खरीदने को मजबूर होते हैं। ओवर रेटिंग का यह मामला नया नहीं है। पिछले कई महीनों से ये शिकायतें खबरों के माध्यम से जिला प्रशासन के संज्ञान में लाई जा रही हैं। सामाजिक संगठनों से लेकर आम नागरिकों तक सभी ने इस पर अपनी आपत्ति दर्ज कराई है, लेकिन नतीजा शून्य रहा है। ऐसा लगता है जैसे इन ठेकेदारों को किसी का डर ही नहीं है।

**कहां गए आबकारी विभाग और पुलिस के दावे...?**

शराब की अवैध बिक्री और मनमानी वसूली को रोकना आबकारी विभाग और पुलिस प्रशासन दोनों की जिम्मेदारी है। समय-समय पर अभियान चलाने और नियमों का पालन न करने वाले ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई करने के कई दावे किए जाते हैं, लेकिन भीलवाड़ा के मौजूदा हालात इन दावों की पोल खोल रहे हैं। क्या आबकारी अधिकारी सिर्फ कागजी घोड़े दौड़ा रहे हैं, या फिर उन्हें जमीनी हकीकत से कोई सरोकार नहीं है..?

**पुलिस प्रशासन की गश्त और निगरानी सवालों के घेरे में क्यों है....?**

अब ग्राहक क्या करें? वे खुद को असहाय महसूस कर रहे हैं। भीलवाड़ा के शराब ग्राहक अब खुद को असहाय महसूस कर रहे हैं। उन्हें समझ में नहीं आ रहा है कि वे अपनी शिकायत लेकर किसके पास जाएं। जब जिला प्रशासन और संबंधित विभाग इन शिकायतों पर ध्यान नहीं दे रहा है, तो आम आदमी की सुध कौन लेगा? यह स्थिति न सिर्फ आर्थिक शोषण है, बल्कि कानून व्यवस्था पर भी बड़ा सवालिया निशान है। प्रशासन अपनी कुंभकर्णी नींद से कब जागेगा? अब समय आ गया है जब जिला प्रशासन को अपनी कुंभकर्णी नींद से जागना होगा। शराब ठेकेदारों की मनमानी पर तुरंत अंकुश लगाया जाना चाहिए। नियमित रूप से औचक निरीक्षण किए जाने चाहिए और ओवररेटिंग करने वाले ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। अगर प्रशासन अब भी निष्क्रिय बना रहता है तो यह माना जाएगा कि कहीं न कहीं इस पूरे खेल में उनकी भी संलिप्तता है।
अन्यथा शराब माफियाओं का यह खेल उनकी सरकार की छवि को भी धूमिल कर देगा।

# अचानक से शेयर बाजार में भूचाल, सेंसेक्स में 1282 अंक की गिरावट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



स्थानीय शेयर बाजार में रिकॉर्ड तेजी के एक दिन बाद मंगलवार को बड़ी गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 1,282 अंक लुढ़क गया। आईटी और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार नुकसान में रहा। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 1,281.68 अंक यानी 1.55 प्रतिशत का गोता लगाते हुए 81,148.22 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,386.21 अंक तक लुढ़क गया था। सेंसेक्स के शेयरों में 25 नुकसान में जबकि पांच लाभ में रहे। निफ्टी भी 346.35 अंक गिरावट के साथ 24,578.35 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में इन्फोसिस में 3.54 प्रतिशत की गिरावट आई।

■ **आईटी और एफएमसीजी के शेयरों में रही मुनाफावसूली**

इसके अलावा पावर ग्रिड, इटर्नल, एचसीएल टेक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, भारती एयरटेल, इंडसइंड बैंक, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एनटीपीसी, मारुति, टाटा मोटर्स और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी नीचे आए। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में... सन फार्मा, अदाणी पोर्ट्स, बजाज फाइनेंस, भारतीय स्टेट बैंक शामिल हैं।
रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजित मिश्रा ने कहा कि मुनाफावसूली चौतरफा रही। आईटी, दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों (एफएमसीजी) और वाहन शेयर प्रमुख रूप से नुकसान में रहे।

### द. कोरिया व जापान के बाजार में रही बढ़त

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और चीन का शंघाई कम्पोजिट बढ़त में रहे, जबकि हांगकांग के हैंगसेंग में गिरावट रही। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर कारोबार में ज्यादातर में तेजी का रुख था। चीन और अमेरिका के बीच व्यापार तनाव कम होने के बाद सोमवार को अमेरिकी बाजारों में तेजी रही।

# सोने में 950 रुपए की बढ़त और चांदी रही कमजोर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



विदेशी बाजारों में मजबूती के रुख के बीच मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 950 रुपये बढ़कर 97,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी है। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,000 रुपये बढ़कर 97,100 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई।

सोमवार को 99.9 प्रतिशत और 99.5 प्रतिशत वाले सोने की कीमत 3,400-3,400 रुपये की भारी गिरावट के साथ क्रमशः 96,550 रुपये और 96,100 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। इस बीच, चांदी की कीमत 250 रुपये की गिरावट के साथ 99,450 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जबकि इसका पिछला बंद भाव 99,700 रुपये प्रति किलोग्राम था। अबन्स फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) चिंतन मेहता ने कहा, ''अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध में विराम के बाद सुरक्षित निवेश की मांग में कमी आने से सोने की कीमतों में तेज गिरावट आने के बाद फिर से उछाल आया है।'' अमेरिका ने चीनी आयात पर शुल्क को 145 प्रतिशत से घटाकर 30 प्रतिशत करने पर सहमति जताई है, जबकि चीन ने अमेरिकी वस्तुओं पर शुल्क को 125 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया है।

### सोमवार को सोने में आई थी तीन फीसदी की गिरावट

*कोटक सिक्योरिटीज में एवीपी (जिंस शोध) कायनात चैनवाला ने कहा, "सोने में सोमवार को तीन प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई, जो लगभग दो सप्ताह में सबसे कमजोर बंद स्तर है। हालांकि, मंगलवार को सोने में थोड़ी तेजी आई और यह 3,240 डॉलर प्रति औंस से ऊपर पहुंच गया।"*

# आदित्य बिड़ला कैपिटल का लाभ 30 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली।** गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी आदित्य बिड़ला कैपिटल का मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 30 प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ 865 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 1,245.41 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। आदित्य बिड़ला कैपिटल ने मंगलवार को शेयर बाजारों को दी सूचना में कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 की जनवरी-मार्च तिमाही में इसकी कुल आय बढ़कर 12,239 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले की अवधि में 10,803 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने कहा कि उसके निदेशक मंडल ने गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) सहित ऋण प्रतिभूतियां जारी कर 1,65,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जुटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। एक अलग बयान में कंपनी ने कहा कि उसका कुल ऋण पोर्टफोलियो 31 मार्च, 2025 तक सालाना आधार पर 27 प्रतिशत बढ़कर 1,57,404 करोड़ रुपये हो गया।

ADITYA BIRLA CAPITAL

# इफको के दो नए संयंत्रों में उत्पादन शुरू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



देश की प्रमुख उर्वरक कंपनियों में से एक सहकारी संस्था इफको ने उत्तर प्रदेश में दो नए संयंत्रों में नैनो लिक्विड डीएपी (डाय-अमोनियम फॉस्फेट) का वाणिज्यिक उत्पादन शुरू किया है, जिनमें से प्रत्येक की क्षमता दो लाख बोतल प्रतिदिन की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में इफको ने कहा कि उसने ''उत्तर प्रदेश में आंवला, बरेली और फूलपुर, प्रयागराज में अपने दो और नैनो संयंत्रों में इफको नैनो डीएपी लिक्विड का वाणिज्यिक उत्पादन शुरू कर दिया है।'' इसमें कहा गया कि दोनों नैनो उर्वरक संयंत्रों की क्षमता दो लाख बोतल (500 मिली) प्रतिदिन उत्पादन करने की है। इफको ने कहा, ''उत्पादन में इस वृद्धि से देश में नैनो डीएपी लिक्विड की आपूर्ति बढ़ेगी और यह देश भर के हमारे किसानों को आसानी से उपलब्ध होगा।'' पांच इफको नैनो उर्वरक संयंत्रों की कुल क्षमता प्रतिदिन 9.5 लाख बोतल है, जिसमें नैनो यूरिया और नैनो डीएपी दोनों शामिल हैं। इफको ने दावा किया, ''नैनो डीएपी लिक्विड पारंपरिक डीएपी की तुलना में बेहतर विकल्प है क्योंकि नैनो डीएपी में 100 नैनोमीटर से कम कण होते हैं, जो इसे अधिक प्रभावी बनाते हैं। यह पारंपरिक उर्वरकों की तुलना में मिट्टी के पोषक तत्वों को बढ़ाता है। यह बेहतर फसल वृद्धि और अधिक पैदावार को भी बढ़ावा देता है।'' इफको ने जून, 2021 में दुनिया का पहला 'नैनो लिक्विड यूरिया' उर्वरक पेश किया।

■ **नैनो लिक्विड डीएपी का होगा उत्पादन**

### 2000 करोड़ रुपए का निवेश

पिछले साल सितंबर में इफको के प्रबंध निदेशक यू एस अवस्थी ने कहा था कि सहकारी संस्था ने वर्ष 2017 से अपने दो नए उत्पादों - नैनो लिक्विड यूरिया और नैनो लिक्विड डीएपी पर करीब 2,000 करोड़ रुपये का निवेश किया है। उन्हें उम्मीद है कि किसान अगले 2-3 साल में इन प्रमुख पोषक तत्वों को बड़े पैमाने पर अपनाएंगे।

# सीमेंस का लाभ 37 फीसदी घटकर 408 करोड़ रुपए



**नई दिल्ली।** प्रौद्योगिकी कंपनी सीमेंस का शुद्ध लाभ मार्च तिमाही में सालाना आधार पर 37 प्रतिशत से अधिक घटकर 408 करोड़ रुपये रहा है। मुख्य रूप से स्थिर और अन्य लागत बढ़ने से कंपनी का मुनाफा नीचे आया है। अक्टूबर से सितंबर के वित्त वर्ष का अनुसरण करती है। सीमेंस ने मंगलवार को बयान में कहा कि कंपनी का शुद्ध लाभ 31 मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही में 649 करोड़ रुपये था।

# चीन के एंट ग्रुप ने पेटीएम में चार फीसदी हिस्सेदारी बेची

कंपनी ने हिस्सेदारी 2,103 करोड़ में बेची



**नई दिल्ली।** चीन की प्रमुख वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी एंट ग्रुप ने मंगलवार को डिजिटल भुगतान कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस में चार प्रतिशत हिस्सेदारी 2,103 करोड़ रुपये में बेच दी। यह सौदा खुले बाजार के लेनदेन के माध्यम से हुआ। बीएसई के आंकड़ों के अनुसार, जाने-माने उद्योगपति जैक मा के एंट ग्रुप ने अपने सहयोगी एंटफिन नीदरलैंड होल्डिंग बी वी के माध्यम से दो अलग-अलग थोक सौदों के माध्यम से पेटीएम की मूल कंपनी नोएडा स्थित वन97 कम्युनिकेशंस में 2.55 करोड़ से अधिक शेयर यानी चार प्रतिशत हिस्सेदारी बेची। एंट ग्रुप को पहले एंट फाइनेंशियल के नाम से जाना जाता था। यह चीन के अलीबाबा समूह की कंपनी है।

## वैश्विक बिक्री में कमी और नुकसान के चलते उठाया कदम

# अब 'निसान' 20 हजार नौकरियों पर चलाने जा रही कैंची

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हाल के महीने में गूगल समेत कई कंपनियों ने बड़ी तादाद में अपने कर्मचारियों को निकालने का ऐलान किया। अब इस लिस्ट में जापान की कार निर्माता कंपनी 'निसान' का नाम भी जुड़ गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, निस्सान करीब 20 हजार लोगों को निकालने जा रही है, जो पहले के ऐलान से करीब दोगुनी है। कंपनी की तरफ से ये फैसला वैश्विक बिक्री में कमी और नुकसान के चलते वित्तीय संकट के बीच उठाया गया है। नवंबर के महीने में निसान ने कहा था कि अमेरिका और चीन में उनकी कार की कम बिक्री की वजह से उनके मुनाफे में पहली छमाही के दौरान 94 की गिरावट आयी है।

■ **कंपनी के पहले छमाही में 94 फीसदी की आई गिरावट**




### 15 फीसदी कम होगी कर्मचारियों की संख्या

*इसकी वजह से वे 9 हजार कर्मचारियों को बाहर निकालेंगे। जापान के ब्रॉडकास्टर एनएचके के मुताबिक, अब कंपनी ने 20 हजार कर्मचारियों को निकालने का फैसला किया है, जो निसान की कुल कर्मचारियों की संख्या का 15 प्रतिशत है। जापान कार निर्माता कंपनी ने हाल में ये अनुमान लगाया था कि उसका नुकसान पिछले वित्त वर्ष के दौरान 700-750 बिलियन येन (4.74 से 5.08 बिलियन डॉलर) का हुआ था।*

### प्रशासनिक कर्मचारियों को दिया जा सकता है रिटायरमेंट

*इसके अलावा, एक अन्य रिपोर्ट में ये भी सुझाव दिया गया है कि निसान की तरफ से जापान में प्रशासनिक कार्यों में लगे सैकड़ों कर्मचारियों को समय से पूर्व रिटायरमेंट दिया जा सकता है। अगर ऐसा होता है तो ये कंपनी का 18 वर्षों में पहला इस तरह का रिटायरमेंट प्लान होगा। हालांकि, निसान की तरफ से इस रिपोर्ट के बारे में अब तक किसी तरह की कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है।*

### कंपनी आउटडेटेड कार की चुनौतियों से जूझ रही

*गौर करनेवाली बात ये है कि निसान आउटडेटेड कार की चुनौतियों से जूझ रही है। इसी वजह से वे अपनी बिक्री को बढ़ाने के लिए लगातार डिस्काउंट ऑफर कर रही है। कंपनी की तरफ से वार्षिक वित्तीय एक-दो दिन में आने की उम्मीद है। कंपनी ने हाल ही में अपना कोई नया मॉडल भी बाजार में नहीं उतारा है। निसान के वाहन अधिकांशतः सेना में उपयोग किए जाते हैं।*

# माल ढुलाई 4.3 प्रतिशत बढ़कर 85.5 करोड़ टन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




भारत के प्रमुख बंदरगाहों ने वित्त वर्ष 2024-25 में माल ढुलाई (माल चढ़ाना एवं उतारना) में 4.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की और यह बढ़कर 85.5 करोड़ टन हो गई। यह जानकारी मंगलवार को एक सरकारी बयान में दी गई। देश में 12 प्रमुख बंदरगाह हैं। इन बंदरगाहों में दीनदयाल बंदरगाह, मुंबई बंदरगाह, जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह, मोरमुगाओ बंदरगाह, न्यू मैंगलोर बंदरगाह, कोचीन बंदरगाह, वीओ चिदंबरनार बंदरगाह, चेन्नई बंदरगाह, कामराजर बंदरगाह, विशाखापत्तनम बंदरगाह, पारादीप बंदरगाह और श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह शामिल हैं। प्रमुख बंदरगाहों पर ढुलाई के मामले में पेट्रोलियम, तेल और लुब्रिकेंट (पीओएल)- जिसमें कच्चा तेल, पेट्रोलियम उत्पाद और एलपीजी/एलएनजी शामिल हैं- 2024-25 में 25.45 करोड़ टन (29.8 प्रतिशत) की मात्रा के साथ सबसे ऊपर रहे। इसके बाद कंटेनर यातायात 19.35 करोड़ टन (22.6 प्रतिशत), कोयला 18.66 करोड़ टन (21.8 प्रतिशत) और अन्य कार्गो श्रेणियां जैसे लौह अयस्क, छर्रे, उर्वरक का स्थान रहा।

■ **देश में 12 प्रमुख बंदरगाह कार्यरत**



# मध्यम वर्ग के इंसान हैं शाहरुख



शाहरुख खान बॉलीवुड के सबसे बड़े अभिनेताओं में से एक हैं। रोमांस के बादशाह दशकों से इंडस्ट्री पर राज कर रहे हैं। हर कोई उनकी दौलत के बारे में जानता है। हालांकि उनके करीबी लोगों को पता है कि वह दिल से मध्यम वर्गीय हैं। हाल ही में, रा वन के निर्देशक अनुभव सिन्हा ने बताया कि शाहरुख खान अपने परिवार को खुश देखकर खुश होते हैं। यह उनकी अब तक की सबसे मध्यम वर्गीय बात है।

### मध्य वर्गीय हैं शाहरुख खान

शाहरुख खान भले ही दुनिया पर राज कर रहे हों लेकिन वह ऐसे व्यक्ति भी हैं जो अपने बच्चों के लिए खाना बनाना, उनके हाई-स्कूल ड्रामा सुनना और जब भी संभव हो अपने परिवार के साथ क्वालिटी टाइम बिताना पसंद करते हैं। फेय डिसूजा के साथ बातचीत करते हुए निर्देशक अनुभव सिन्हा ने कहा कि शाहरुख दिल से एक मध्यम वर्गीय हैं।
परिवार को देखकर खुश होते हैं शाहरुख अनुभव सिन्हा ने कहा कि उन्होंने शाहरुख को जब यह बताया कि वह मध्य वर्गीय हैं तो उन्होंने अजीबोगरीब हंसी के साथ इस पर सहमति जताई। अनुभव सिन्हा ने कहा कि खान के पास दुनिया का सारा पैसा है, लेकिन यह ऐसी चीज नहीं है जो उन्हें खुश करती है। अनुभव सिन्हा ने कहा क्या आपकी बहन की खुशी आपको खुश करती है? उन्होंने आगे कहा कि मध्यम वर्ग का यह सितारा अपनी बहन शहनाज और अपने बच्चों को मुस्कुराते हुए देखकर खुश होता है।

### शाहरुख खान के बारे में जानना सौभाग्य की बात

निर्देशक के अनुसार जिस तरह से कुछ कुछ होता है का अभिनेता अपने परिवार की देखभाल करता है वह उसी तरह हैं। सिन्हा ने खान के बारे में में कहा, एक ऐसा व्यक्ति होना मुश्किल है जो सार्वभौमिक रूप से लोकप्रिय हो और जड़ और जमीन से जुड़ा हो। अपनी फिल्म रा वन के निर्माण के दौरान निर्देशक शाहरुख से कहते रहे कि फिल्म बनाने से ज्यादा उन्हें व्यक्तिगत रूप से जानना एक सौभाग्य की बात है।



# कला, प्रसिद्धि और आत्म-अभिव्यक्ति पर कावेरी कपूर की राय

कावेरी कपूर भले ही जेनरेशन ज़ी से हों, लेकिन वह एक आम जेन ज़ी कलाकार नहीं हैं। फिल्म निर्देशक शेखर कपूर और गायिका-अभिनेत्री सुचित्रा कृष्णमूर्ति की बेटी कावेरी ने बॉबी और ऋषि की लव स्टोरी से हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा है, लेकिन उन्होंने अपने समकालीनों से एक अलग राह चुनी है, जो उनके साथियों की तुलना में काफी अलग है। फिल्मों में आने से पहले ही कावेरी एक स्थापित संगीतकार और कवित्री थीं। उनके चार म्यूज़िक वीडियो पहले से ही रिलीज़ हो चुके थे! अपने पिता की तरह गहराई से सोचने वाली कावेरी को अपने प्रतिभाशाली माता-पिता से भरपूर प्रेरणा मिलती है, और यही बात उन्हें एक ओल्ड सोल बनाती है, जैसा कि वह खुद कहती हैं। एक मशहूर उपनाम और डेब्यू के बाद बढ़ती फैन-फॉलोइंग के बावजूद कावेरी बेहद ज़मीन से जुड़ी हुई नज़र आती हैं।
उनकी बातचीत अक्सर उनके संगीत और कविताओं के ज़रिए खुद को अभिव्यक्त करने के तरीके पर केंद्रित होती है वह एक कलाकार की तरह बात करती हैं, न कि किसी सेलिब्रिटी की तरह। जब उनसे उनकी प्रसिद्धि के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, मैं चाहती हूं कि जब लोग मेरा संगीत सुनें या मेरी कविताएं पढ़ें, तो उन्हें कुछ सच्चा महसूस हो। मैं चाहती हूं कि वे उस किरदार से जुड़ सकें जिसे मैं निभा रही हूं। मैं चाहती हूं कि मेरे प्रोजेक्ट्स देखने वाले लोग मुझसे एक असली रिश्ता बना पाएं। यही वह प्रसिद्धि है जिसके लिए मैं जानी जाना चाहती हूं।
अपने साथियों से अलग, कावेरी का आत्म-अभिव्यक्ति का तरीका बेहद सादा है। अपनी एक अलग राह बनाना, अपनी प्रतिभा से, न कि हर रोज़ बदलते ट्रेंड्स की भीड़ का हिस्सा बनकर। कावेरी कहती हैं, मुझे लगता है कि खुद को नेचुरल बनाए रहना सबसे विद्रोही काम है जो आप अभी कर सकते हैं,
उन्होंने कई बार ओसीडी के साथ अपने संघर्षों के बारे में भी खुलकर बात की है। और चूंकि जेन ज़ी के लिए आज सबसे अहम बात है किसी से जुड़ाव और अपनापन महसूस करना, ऐसे में कावेरी की सलाह को परिपक्व कहा जा सकता है। एक ऐसी दुनिया में जहाँ लोग शॉर्टकट लेकर जल्द से जल्द फल पाने की होड़ में लगे हैं, कावेरी कपूर की योजना है कुछ सच्चा बनाना — धीरे, स्थिरता से, लेकिन लंबे समय तक टिकने वाला।



# सामंथा और राज लिव-इन में रहने का बना रहे प्लान? एक घर में होंगे शिफ्ट!



सामंथा रुथ प्रभु और राज निदिमोरू अपने रिलेशनशिप की अफवाहों के कारण चर्चा में हैं। डायरेक्टर-एक्ट्रेस की जोड़ी ने द फैमिली मैन सीजन 2 और सिटाडेल हनी बनी जैसी वेब सीरीज में साथ काम किया है। हाल ही में ऐसी खबरें आई थीं कि सामंथा और राज एक साथ रहने लगे हैं और वे एक घर की तलाश कर रहे हैं। हालांकि, यह खबर झूठी निकली। हिंदुस्तान टाइम्स के मुताबिक, सामंथा के मैनेजर ने इसे अफवाह बताया। इससे पहले एक सूत्र ने पिंकविला को बताया था, सामंथा रुथ प्रभु और राज एक साथ रहने पर विचार कर रहे हैं और प्रॉपर्टी की तलाश कर रहे हैं। उनका इरादा साथ रहने का है और वे इस दिशा में काम कर रहे हैं। राज ने 2022 में श्यामाली से आधिकारिक रूप से तलाक ले लिया और सिटाडेल के लिए साथ में काम करने के बाद उन्हें सामंथा में प्यार मिल गया।

### राज की नहीं है कोई बेटी!

सूत्र ने कहा, इस बीच राज को उनकी बेटी के साथ देखे जाने की खबरें झूठी हैं। उनकी कोई बेटी नहीं है और जिस बच्ची के साथ उन्हें देखा गया, वह उनके को-डायरेक्टर कृष्णा डीके की बेटी है।

### सामंथा शेयर करती हैं राज संग फोटोज

सामंथा इंस्टाग्राम पर तस्वीरें पोस्ट करती रही हैं, जिसमें वह राज के साथ समय बिताती नजर आती हैं। हालांकि दोनों ने अपने रिश्ते के बारे में कुछ नहीं कहा है, लेकिन फैंस कह रहे हैं कि एक्ट्रेस के सोशल मीडिया पोस्ट से यह पुष्टि होती है कि वे डेटिंग कर रहे हैं।
सामंथा की तरफ से राज के साथ तस्वीरें पोस्ट करने के बाद फिल्म निर्माता की पत्नी श्यामाली डे ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक क्रिप्टिक पोस्ट शेयर किया था। इसमें लिखा था, मैं उन सभी को आशीर्वाद और प्यार भेजती हूं, जो मेरे बारे में सोचते हैं, मुझे देखते हैं, मुझे सुनते हैं, मेरे बारे में सुनते हैं, मुझसे बात करते हैं, मेरे बारे में पढ़ते हैं, मेरे बारे में लिखते हैं और आज मुझसे मिलते हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि राज और श्यामाली का तलाक 2022 में गया। हालांकि, वैलेंटाइन डे 2023 पर श्यामाली ने अपने पति के लिए एक रोमांटिक पोस्ट शेयर किया था।

# पलक तिवारी ने कथित बॉयफ्रेंड इब्राहिम का किया सपोर्ट


अभिनेत्री पलक तिवारी अपने कथित बॉयफ्रेंड इब्राहिम अली खान के समर्थन में सामने आई हैं। हाल ही में पाकिस्तानी आलोचक ने इब्राहिम की पहली फिल्म नादानियां का मजाक उड़ाया था। आलोचक ने उनके लुक, खास तौर पर उनकी नाक पर टिप्पणी की थी। आलोचक की आलोचना करते हुए पलक ने बॉडी शेमिंग पर बात की। उन्होंने बाताया कि कैसे सेलेब्स से नफरत करना बाजार में नया चलन बन गया है।

### सेलिब्रिटी से नफरत एक चलन

पलक तिवारी ने नयनदीप रक्षित के पॉडकास्ट में बातचीत के दौरान कहा अगर कोई एक चीज है जो सेलिब्रिटी से ज्यादा बिकती है, तो वह है सेलिब्रिटी को कोसना। हम ऐसे समय में हैं जहां आम तौर पर स्टार्स के प्रति नफरत है।



### पलक तिवारी ने पूछा सवाल



पलक ने आगे कहा आप सबसे पहले हमारी खूबसूरती पर ध्यान देते हैं। फिर जब कोई व्यक्ति अपने सौंदर्य के साथ कुछ करता है और उसे बदलवाता है, तो आप कहते हैं, आप ऐसा क्यों करेंगे? पहले आप किसी व्यक्ति को उसके रूप-रंग के लिए शर्मिंदा करते हैं। फिर जब वह अपनी असुरक्षा और अपने आस-पास की नफरत के कारण इसे ठीक करने की कोशिश करता है तो आप उसे क्यों कोसते हैं?
पलक ने कहा यह किसी व्यक्ति के लिए सबसे असंतोषजनक स्थिति हो सकती है। यह एक चक्र है। वे मूल रूप से केवल आपकी आलोचना करना चाहते हैं। यह आपकी नाक, आपके बाल, आपके शरीर का वजन, आपका प्रदर्शन कुछ भी हो सकता है। अगर इनमें से आपका कुछ भी खराब नहीं है तो आप बहुत भाग्यशाली व्यक्ति हैं।


### इब्राहिम की नाक का मजाक

आपको बता दें कि इब्राहिम अली खान की फिल्म नादानियां 7 मार्च को रिलीज हुई थी। पहली फिल्म में उनके प्रदर्शन के लिए उन्हें बुरी तरह से ट्रोल किया गया था। तब तमूर इकबाल नाम के एक पाकिस्तानी फिल्म समीक्षक ने अपने सोशल मीडिया पर स्टार किड और उनकी बड़ी नाक का मजाक उड़ाया था।

# लस्ट स्टोरी 3 में दिखाई देंगे राधिका और कोंकणा सेन

ल स्ट स्टोरी ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स की सबसे चर्चित और लोकप्रिय वेब सीरीज में से एक हैं। अब तक इसके 2 सीजन रिलीज हो चुके हैं, जिन्हें दर्शकों का काफी प्यार मिला। लस्ट स्टोरी के तीसरे सीजन का ऐलान पहले ही हो चुका है। खबर यह है कि लस्ट स्टोरी 3 के लिए राधिका आप्टे और कोंकणा सेन शर्मा ने पहली बार हाथ मिलाया है। रिपोर्ट्स के अनुसार... सीरीज के एक पार्ट में राधिका और कोंकणा नजर आएंगी। इस पार्ट का निर्देशन विक्रमादित्य मोटवानी करने वाले हैं। सीरीज की कहानी तैयार हो चुकी है और इसकी शूटिंग जल्द ही शुरू होगी। इसमें अभिषेक बनर्जी भी नजर आएंगे। बता दें कि राधिका पहले ही लस्ट स्टोरी के एक पार्ट में नजर आ चुकी हैं, वहीं लस्ट स्टोरी 2 के एक पार्ट का निर्देशन कोंकणा ने किया था। लस्ट स्टोरी को 15 जून 2018 को रिलीज किया गया था।





# एक्ट्रेस से निर्माता बनीं ये अभिनेत्रियां



**बॉलीवुड और साउथ सिनेमा में कई अभिनेत्रियों ने न सिर्फ अपनी एक्टिंग से दर्शकों का दिल जीता, बल्कि निर्माता बनकर भी इंडस्ट्री में नया मुकाम हासिल किया। आइए, ऐसी ही कुछ टैलेंटेड अभिनेत्रियों के बारे में जानते हैं, जिन्होंने प्रोडक्शन के क्षेत्र में कदम रखा।**

### आलिया भट्ट

आलिया ने फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर से अपने करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद आलिया ने कई सफल फिल्में दीं, जिनमें उरी द सर्जिकल स्ट्राइक, आरआरआर, गंगूबाई काठियावाड़ी जैसी कई फिल्में शामिल हैं। अभिनय के कुछ समय बाद आलिया ने फिल्म डार्लिंग्स के साथ बतौर निर्माता अपनी नई पारी की शुरुआत की। इस फिल्म में उनकी एक्टिंग और प्रोडक्शन दोनों को खूब सराहा गया।



### नयनतारा

साउथ सिनेमा की लेडी सुपरस्टार नयनतारा ने अपनी दमदार एक्टिंग के साथ-साथ प्रोडक्शन में भी हाथ आजमाया। हाल ही में नयनतारा ने बतौर निर्माता फिल्म लव इंश्योरेंस कंपनी की घोषणा इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए दी थी। नयनतारा ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म लव इंश्योरेंस कंपनी को लेकर एक पोस्ट शेयर किया और कैप्शन में लिखा, आओ प्यार में पड़ें, इस त्यौहार के मौसम में... प्यार के त्यौहार। इस फिल्म में प्रदीप रंगनाथन, एसजे सूर्या और कृति शेट्टी महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्माण नयनतारा ने किया है।



### अनुष्का शर्मा

रब ने बना दी जोड़ी फिल्म से अपने करियर की शुरुआत करने वाली अनुष्का शर्मा ने बैंड बाजा बारात, पीके, संजू, सुल्तान और ऐ दिल है मुश्किल जैसी कई सफल फिल्मों में अभिनय किया। इसके बाद अनुष्का ने बुलबुल जैसी शानदार फिल्म बनाकर प्रोडक्शन में अपनी खास जगह बनाई। हालांकि, यह फिल्म उतनी नहीं चली।

### करीना कपूर खान

करीना ने फिल्म रिफ्यूजी से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा। इसके बाद करीना ने क्रू, सिंघम अगेन, गोलमाल और भी कई बेहतरीन फिल्मों में अपने दमदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीता। एक्टिंग के साथ-साथ करीना ने फिल्म द बकिंघम मर्डर्स के साथ प्रोडक्शन में कदम रखा। इस थ्रिलर फिल्म में उनकी एक्टिंग और प्रोडक्शन की समझ को दर्शकों ने खूब पसंद किया।



## बांग्लादेश में मची सियासी हलचल, दिसंबर तक होंगे चुनाव

# बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के प्रमुख यूनुस दे सकते हैं इस्तीफा सेना प्रमुख बोले- निर्वाचित सरकार ही ले सकती है सही फैसले

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश के अंतरिम सरकार प्रमुख प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस इस्तीफा देने पर विचार कर रहे हैं। उन्हें लगता है कि राजनीतिक दलों के बीच सहमति नहीं बन पाने के कारण काम करना मुश्किल हो रहा है। गुरुवार आधी रात को छात्रों के नेतृत्व वाली नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) के प्रमुख एनहिद इस्लाम के हवाले से स्थानीय मीडिया ने यह खबर दी है। वहीं, बांग्लादेश की मौजूदा सियासी अशांति और अंतरिम सरकार की ओर से अगले संसदीय चुनावों के लिए स्पष्ट रोडमैप की घोषणा में नाकामी के बीच, देश के सेना प्रमुख जनरल वकार-उज-जमान ने इस साल दिसंबर तक चुनाव कराने की इच्छा जताई है। सेना प्रमुख ने अंतरिम सरकार से कहा है कि सिर्फ निर्वाचित सरकार ही देश के भविष्य की दिशा निर्धारित करने संबंधी फैसले ले सकती है। सेना प्रमुख ने ढाका छावनी के सेना परिसर में अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार में कुछ विदेशी लोग गैर-जिम्मेदाराना काम कर रहे हैं। सेना और सरकार के बीच ऐसी बातें बताती हैं कि बांग्लादेश में सब कुछ ठीक नहीं है। बांग्लादेश के सेना प्रमुख ने 'भीड़ के हिंसा' पर कहा कि सेना अब कानून-व्यवस्था पर सख्त रुख करेगी। संगठित भीड़ के नाम पर अराजकता या हिंसा अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

*अंतरिम सरकार की ओर से स्पष्ट रोडमैप नहीं*

*राजनीतिक दलों और सेना से असहमति से यूनुस पर दबाव*

### सेना ने किया रोहिंग्याओं के कॉरिडोर का विरोध



बांग्लादेश की सेना भी अपने देश से म्यांमार के रखाइन तक जाने वाले कॉरिडोर का विरोध कर चुके हैं। रखाइन वही इलाका है, जहां से भागकर रोहिंग्या बांग्लादेश और अन्य देशों पहुंच रहे हैं। बांग्लादेशी सेना का मानना है कि म्यांमार से यह कॉरिडोर सिर्फ बांग्लादेश की स्वायत्तता को ताक पर रख रहा है, जबकि इससे उसे कोई कूटनीतिक फायदा नहीं हो रहा। बैठक में कहा कि ऐसा कोई कॉरिडोर (रोहिंग्याओं के लिए) नहीं होगा। बांग्लादेश की स्वायत्तता पर कोई समझौता नहीं हो सकता। सिर्फ एक ऐसी

### दिसंबर तक चुनाव कराने की मांग

*वकर उज-जमां ने इस पर भी जोर दिया कि बांग्लादेश में इस साल दिसंबर तक संसदीय चुनाव हो जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि सिर्फ एक चुनी हुई सरकार ही बांग्लादेश के भविष्य पर फैसला ले सकती है, न कि गैर निर्वाचित सरकार। आर्मी चीफ ने यह भी साफ कर दिया कि 1 जनवरी 2026 को बांग्लादेश में एक नई सरकार का सत्ता में होना बेहद जरूरी है। बता दें, पूर्व पीएम खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) समेत कई राजनीतिक दल दिसंबर तक संसदीय चुनाव कराने की मांग कर रहे हैं।*

### देश की मौजूदा स्थिति में वे काम नहीं कर पाएंगे


नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) के प्रमुख एनहिद इस्लाम ने स्थानीय मीडिया को बताया कि हम गुरुवार सुबह से सर (यूनुस) के इस्तीफे की खबर सुन रहे हैं। इसलिए मैं उस मुद्दे पर चर्चा करने के लिए सर से मिलने गया था। एनसीपी संयोजक ने कहा कि मुख्य सलाहकार यूनुस ने आशंका जताई कि देश की मौजूदा स्थिति में वे काम नहीं कर पाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक राजनीतिक दल सहमति नहीं बना लेते, मैं काम नहीं कर पाऊंगा। एनसीपी प्रमुख ने कहा कि अगर राजनीतिक दल चाहते हैं कि यूनुस अभी इस्तीफा दे दें तो वह क्यों रहेंगे? अगर उन्हें विश्वास और आश्वासन का वह स्थान नहीं मिलता?

### बांग्लादेश में नए विदेश सचिव नियुक्त

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस ने गुरुवार को विदेश मंत्रालय में शीर्ष स्तर पर बदलाव करते हुए विदेश सचिव जाशिम उद्दीन को अस्थायी रूप से कार्यमुक्त कर दिया। विदेश मंत्रालय के एक आदेश के अनुसार, यह निर्णय लिया गया है कि विदेश सचिव जाशिम उद्दीन को जिम्मेदारियों से मुक्त किए जाने की पृष्ठभूमि में अग्रिम आदेश तक एम रुहुल आलम सिद्दीक विदेश सचिव के नियमित कामकाज संभालेंगे। विदेश मंत्रालय के एक महानिदेशक के हस्ताक्षर वाले संक्षिप्त आदेश में कहा गया कि यह 23 मई से प्रभावी होगा और इसे जनहित में जारी किया गया है।

## खबर संक्षेप

### ऑस्ट्रेलिया में बाढ़ से तबाही, 4 की मौत



**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी तटीय इलाकों में भारी बारिश के चलते बाढ़ और तबाही का मंजर है। इस बाढ़ में चार लोगों की मौत हो गई है और एक व्यक्ति लापता है। गनीमत है कि अब बादल छंट गए हैं और मौसम साफ है, जिससे राहत और बचाव कार्यों में तेजी आने की उम्मीद है। बाढ़ और बारिश के चलते 50 हजार से ज्यादा लोग विस्थापित हुए हैं। पूर्वी तटीय इलाकों में कम दाब का क्षेत्र बनने पर भारी बारिश हुई थी और अब यह कम दाब का क्षेत्र सिडनी की तरफ चला गया है। बाढ़ से कई सड़कें और पुल तबाह हो चुके हैं।

### दो माताएं 'माता-पिता' के रूप में होंगी रजिस्टर्ड



**रोम।** इटली के संवैधानिक न्यायालय ने गुरुवार को एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया। इस फैसले में कहा गया है कि अब दो महिलाएं जन्म प्रमाण पत्र पर एक बच्चे के 'माता-पिता' के रूप में पंजीकरण करा सकती हैं। न्यायालय ने कहा कि समान लिंग वाले माता-पिता वाले परिवारों में माता-पिता के अधिकारों की मान्यता केवल जैविक मां तक सीमित नहीं की जा सकती। एलजीबीटीक्यू प्लस के अधिवक्ताओं ने इस फैसले पर खुशी जताते हुए कहा कि आखिरकार जो हम हमेशा से कहते आ रहे थे, उसे मान्यता मिल गई है।

### मार्लेस बने ऑस्ट्रेलिया के डिप्टी पीएम और रक्षा मंत्री



**नई दिल्ली।** रिचर्ड मार्लेस फिर से ऑस्ट्रेलिया के डिप्टी पीएम और रक्षा मंत्री नियुक्त किए गए हैं। इस पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 'ऑस्ट्रेलियन लेबर पार्टी' के नेता रिचर्ड मार्लेस को बधाई दी है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि ऑस्ट्रेलिया के डिप्टी पीएम और रक्षा मंत्री के रूप में फिर से नियुक्त होने पर मेरे मित्र रिचर्ड मार्लेस को हार्दिक बधाई। भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी के तहत द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को और मजबूत करने के लिए सहयोग को जारी रखने की उम्मीद है।

### मुठभेड़ में 4 नक्सली ढेर, हथियार बरामद



**गढ़चिरौली।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में पुलिस की विशेष कमांडो यूनिट सी-60 की 12 टीमें (करीब 300 जवान) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की संयुक्त कार्रवाई में 4 नक्सली मारे गए। यह मुठभेड़ महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा पर स्थित कवांडे क्षेत्र में हाल ही में स्थापित फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस के पास हुई। यह मुठभेड़ करीब दो घंटे तक चली। मौके से एक ऑटोमैटिक सेल्फ लोडिंग राइफल, दो आई303 राइफलें, एक बंदूक, वॉकी-टॉकी सेट, कैंपिंग सामग्री और नक्सली साहित्य बरामद किया।

## भारत की कूटनीतिक योजना से पस्त अपनी ही सरकार को कोसने में जुटे पाक सांसद

# पानी के बम की तरह है सिंधु समझौता स्थगन हम भूखे मर जाएंगे, इसे निष्क्रिय करना जरूरी

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के सांसद सैयद अली जफर ने भारत की ओर से सिंधु जल संधि को निलंबित करने के प्रभाव को बहुत ही चिंताजनक अंदाज में समझाया है। उन्होंने इसे एक 'वाटर बम' बताया है। सांसद जफर ने शहबाज शरीफ सरकार से इस 'पानी के बम' को निष्क्रिय करने का आग्रह किया है। भारत ने यह कदम जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद उठाया था। विपक्षी दल पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के सांसद जफर ने सीनेट को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का 10 में से 9 व्यक्ति सिंधु नदी प्रणाली के पानी पर निर्भर है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर इस संकट का समाधान नहीं किया गया तो बड़ी संख्या में लोग भूखे मर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि अगर हमने इस जल संकट को अभी नहीं सुलझाया, तो हम भूख से मर सकते हैं। इसका कारण यह है कि सिंधु बेसिन हमारी जीवन रेखा है। हमारे पानी का तीन-चौथाई हिस्सा देश के बाहर से आता है। हर 10 में से 9 लोग इस बेसिन के आधार पर अपना जीवन जी रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार, हमारी 90% फसलें इस पानी पर निर्भर हैं। हमारी सभी बिजली परियोजनाएं और बांध इसके पानी पर बने हैं। इसलिए हमें यह समझना होगा कि यह हमारे ऊपर लटकते हुए पानी के बम की तरह है - हमें इसे निष्क्रिय करना होगा, हमें इसे हल करना होगा।

हमारी 90% फसलें सिंधु प्रणाली पानी पर निर्भर

10 में से 9 लोगों के जीवन का आधार सिंधु बेसिन

### भारत से रोक हटाने के लिए गिड़गिड़ा रहा पाक



*सिंधु जल संधि पर लगी रोक हटाने के लिए पाकिस्तान लगातार भारत के सामने गिड़गिड़ा रहा है। लेकिन भारत ने दो टूक कह दिया है कि जब तक पाकिस्तान आतंकवाद का समर्थन करना बंद नहीं करेगा, तब तक यह रोक जारी रहने वाली है। चार दिनों तक चले भारत-पाक में तनाव के बाद जब सीजफायर लागू किया गया, उसके बाद भी पाकिस्तान ने भारत को पत्र लिखकर जल संधि से रोक हटाने की गुहार लगाई थी। यह अपील पाकिस्तान के जल संसाधन मंत्रालय के सचिव सैयद अली मुर्तजा द्वारा भारत के जल शक्ति मंत्रालय की सचिव देबाश्री मुखर्जी को लिखे गए पत्र में की गई थी। वहीं, गुरुवार को भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा है कि सिंधु जल संधि तब तक स्थगित रहेगी जब तक कि इस्लामाबाद सीमा पार आतंकवाद को समर्थन देना बंद नहीं कर देता।*

### भारत से बम या लोग नहीं आते हमलावर हमारे ही लोग:फारूक



पाकिस्तान के सांसद उमर फारूक ने भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद देश की सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों की सार्वजनिक रूप से जमकर लताड़ा। उन्होंने बलूचिस्तान को लेकर भी अपनी सरकार की पोल खोली। उन्होंने कहा कि बलूचिस्तान में बम भारत से नहीं आ रहे हैं। वहां हमला करने वाले हमारे अपने लोग ही हैं। उनके बयानों ने पाकिस्तान सरकार के झूठे दावों की पोल खोल दी और उसके प्रोपेगैंडा को भी उजागर कर दिया।

### पाकिस्तान को एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में शामिल कराएगा भारत

**नई दिल्ली।** भारत एफएटीएफ के समक्ष पाकिस्तान को धन शोधन और आतंकवाद के वित्तपोषण रोधी नियमों का पालन करने में विफल रहने के कारण उसे अपनी 'ग्रे सूची' में वापस लाने के लिए मजबूत मामला रखेगा। एक सरकारी सूत्र ने यह जानकारी दी है। जो देश धन शोधन, आतंकवादी वित्तपोषण और प्रसार वित्तपोषण का मुकाबला करने के लिए अपने शासन में रणनीतिक कमियों को दूर करने में विफल रहते हैं, और जिन पर कड़ी निगरानी रखी जाती है, उन्हें फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) की ग्रे सूची में रखा जाता है।

### वर्ल्ड बैंक से भी बात करेगा भारत

*पाकिस्तान की फंडिंग रोकने के लिए भारत वर्ल्ड बैंक से भी बात कर सकता है। पाकिस्तान की अगली कोशिश वर्ल्ड बैंक से राहत पैकेज और लोन पाने की है। हालांकि, भारत अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर सटीक रणनीति के साथ पाकिस्तान की कलई खोलने में जुटा है। पाकिस्तान के लिए अब वैश्विक मंचों से अपना प्रोपगैंडा फैलाना आसान नहीं रहने वाला है।*

## फिर उजागर हुए ना'पाक' इरादे

# तूफान में फंसे विमान की मदद करने से भी पीछे हटा पाकिस्तान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



श्रीनगर में इंडिगो के विमान की आपात लैंडिंग के बारे में नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने बयान जारी कर पूरे वाकये की जानकारी दी है। विमानन नियामक ने बताया है कि 21 मई 2025 को, इंडिगो ए321 नियो विमान वीटी-आईएमडी ने उड़ान संख्या 6ई-2142 दिल्ली से श्रीनगर के बीच संचालित की गई। एफएल 360 पर उड़ान भरते समय, विमान पठानकोट के पास ओलावृष्टि और गंभीर टर्बुलेंस के क्षेत्र में प्रवेश कर गया। चालक दल के बयान के अनुसार, उन्होंने मार्ग पर खराब मौसम के कारण भारतीय वायुसेना के उत्तरी नियंत्रण से अंतरराष्ट्रीय सीमा से बाईं ओर जाने की अनुमति मांगी। हालांकि उन्हें मंजूरी नहीं दी गई। बाद में चालक दल ने खराब मौसम से बचने के लिए लाहौर (पाकिस्तान) से उनके हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए संपर्क किया। लेकिन उन्होंने भी मना कर दिया।

### खराब मौसम में जाने का फैसला किया

चालक दल ने शुरू में लौटने की कोशिश की लेकिन जब वे आंधी व बादल के करीब पहुंच गए तो, तो उन्होंने खराब मौसम में घुसने का फैसला किया। इसके बाद, उन्हें ओलावृष्टि और गंभीर टर्बुलेंस का सामना करना पड़ा। फिर अधिकतम परिचालन गति से जुड़ी समस्या आने लगी। चालक दल ने श्रीनगर की ओर सबसे छोटे मार्ग से मौसम से बाहर निकलने की कोशिश की उसी दौरान ऑटोपायलट ट्रिप हो गया और विमान की गति में बहुत अधिक बदलाव दिखा। इस अवधि के दौरान विमान की गति 8500 एफपीएम तक पहुंच गई। फ्लाइट में 227 लोग सवार थे। तेज झटकों के कारण सभी चीखने-चिल्लाने लगे थे।

### डीजीसीए जांच कर रहा

डीजीसीए के अनुसार, चालक दल ने विमान को तब तक मैन्युअल रूप से उड़ाया जब तक कि वे ओलावृष्टि से बाहर नहीं निकल गए। सभी चेक लिस्ट का पालन (ईसीएएम क्रियाएं) करने के बाद, चालक दल ने श्रीनगर एटीसी को पैन पैन घोषित किया और रडार वेक्टर के लिए अनुरोध किया। इसके बाद ऑटो थ्रस्ट के सामान्य रूप से संचालन के साथ सुरक्षित लैंडिंग की गई। विमान में सवार किसी भी यात्री को कोई चोट नहीं आई। विमान के नोज रेडोम (अगले हिस्से) को नुकसान पहुंचा है। डीजीसीए ने बताया है कि इस मामले की जांच की जा रही है।

## राष्ट्रीय सुरक्षा पर श्वेत पत्र में चीनी दावा

# भारत से सभी मुद्दे सुलझेंगे, भारत व भूटान से सीमा वार्ता सार्थक दिशा में

एजेंसी ▶▶ बीजिंग



चीन की राष्ट्रीय सुरक्षा पर एक नए श्वेत पत्र में कहा गया है कि भारत और भूटान के साथ सीमा मुद्दे को सुलझाने के लिए वार्ता सर्थक दिशा में आगे बढ़ रही है। मंदारिन भाषा में जारी 23 पेज के श्वेत पत्र में देश और इसकी एकदलीय राजनीतिक प्रणाली के समक्ष मौजूद आंतरिक और बाहरी खतरों का भी जिक्र किया गया है।

'नए युग में चीन की राष्ट्रीय सुरक्षा' शीर्षक वाले श्वेत पत्र में कहा गया है कि चीन ने अपने 14 में से 12 पड़ोसी देशों के साथ सीमा संबंधी मुद्दों को सुलझा लिया है तथा सीमा विवादों को सुलझाने के लिए भारत और भूटान के साथ बातचीत जारी है। खासतौर पर भारत से सभी मुद्दे सुलझाए जाएंगे। इसमें कहा गया है कि बीजिंग ने चीन और वियतनाम के बीच बेइबू खाड़ी के जल क्षेत्र का सीमांकन पूरा कर लिया है। नौ पड़ोसी देशों के साथ सीमा रक्षा सहयोग समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं और 12 देशों के साथ सीमा रक्षा वार्ता तथा बैठक तंत्र स्थापित किए हैं। साथ ही नियमित रूप से मैत्रीपूर्ण दौरे, कार्य वार्ता, संयुक्त गश्त और संयुक्त सीमापार अपराध अभ्यास किए हैं।

## जर्मन चांसलर से मिले विदेश मंत्री एस जयशंकर, बोले-

# भारत रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाने के लिए उत्सुक

एजेंसी ▶▶ बर्लिन

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने शुक्रवार को जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्च ने से कहा कि भारत द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने और उसका विस्तार करने के लिए जर्मनी की सरकार के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक है। जयशंकर नीदरलैंड, डेनमार्क और जर्मनी के दौरे के अंतिम पड़ाव में बर्लिन में हैं।

जयशंकर ने एक्स पर लिखा कि बर्लिन में चांसल फ्रेडरिक मर्ज से मुलाकात कर सम्मानित महसूस कर रहा है। उन्हें पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से शुभकामनाएं दीं। उनकी सरकार में हमारी रणनीतिक साझेदारी के आगे बढ़ने और विस्तार होने की उम्मीद है। भारत आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में जर्मनी की ओर से एकजुटता की सराहना करता है।

### औद्योगिक साझेदारी पर की चर्चा



जयशंकर ने बताया कि उन्होंने जर्मनी की अर्थव्यवस्था और उर्जा मंत्री कैथरीना रीचे से भी मुलाकात की। इस दौरान हमने प्रतिभाओं के आदान-प्रदान, औद्योगिकी साझेदारी और मिलकर काम करने के तरीकों पर चर्चा की, ताकि आपूर्ति श्रृंखलाओं को और ज्यादा मजबूत बनाया जा सके। एक अनिश्चित दुनिया में हमारी बढ़ती साझेदारी स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है। हम संबंधों को मजबूत करने और भरोसे को बढ़ाने के लिए भी मिलकर काम करेंगे।

### वैश्विक मुद्दों पर विचार साझा किए

जयशंकर ने कहा कि उनकी जर्मनी के सांसदों के साथ भी अच्छी बातचीत हुई और भारत-जर्मनी संबंधों के निरंतर विकास के लिए उनके मजबूत समर्थन की सराहना की। विदेश मंत्री ने कहा, हमने आतंकवाद के सभी रूपों से लड़ाई में भारत की प्रतिबद्धता पर भी चर्चा की। साथ ही प्रमुख वैश्विक मुद्दों पर विचार साझा किए।

## घुसपैठियों पर एक्शन

# दिल्ली पुलिस ने 121 अवैध बांग्लादेशियों को पकड़ा, बड़े गिरोह पर शक गहराया



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में अवैध घुसपैठियों के खिलाफ पुलिस का अभियान जारी है। दिल्ली पुलिस ने कथित तौर पर भारत में अवैध रूप से रह रहे 121 बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया है। जिन्हें डिपोर्ट किया जाएगा। दिल्ली में पकड़े गए अवैध बांग्लादेशियों को लेकर उनके निर्वासन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जो विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) के माध्यम से की जा रही है। अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि एक सप्ताह में अवैध प्रवासियों को हिरासत में लिया गया है। इन सभी से पूछताछ की जा रही है। कैसे भारत में एंट्री मिली और कैसे यहां तक पहुंचे हैं। वहीं इस मामले पर पुलिस उपायुक्त (बाहरी उत्तर) निधिन वलसन ने कहा कि देश में बाहर से आकर रह रहे अवैध प्रवेश और ठहरने में कथित रूप से शामिल एक संदिग्ध सिंडिकेट की जांच के लिए नरेला औद्योगिक क्षेत्र पुलिस स्टेशन में भी मामला दर्ज किया गया है। जिसकी जांच की जा रही है।

### 15 मई को पकड़े थे 361 बांग्लादेशी

*बीती 15 मई को दिल्ली में पुलिस ने छह जिलों में तीन दिनों के अंदर 361 से ज्यादा अवैध बांग्लादेशियों को पकड़ा था। इनमें से ज्यादातर को बांग्लादेशी वापस डिपोर्ट कर दिया गया है। बाकी को लामपुर और शाहजादपुर स्थित डिटेंशन सेंटर में रखा गया है। जांच में बांग्लादेश से भारत में घुसने का नया रूट भी सामने आया है। सबसे ज्यादा 200 से ज्यादा अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया। उत्तर जिला पुलिस ने 46, द्वारका जिला पुलिस ने 25 से ज्यादा, दक्षिण जिला पुलिस ने 40 से ज्यादा को पकड़ा है।*

### एक नए रास्ते से भारत में करते हैं प्रवेश

बांग्लादेश से भारत में प्रवेश का नया रास्ता सामने आया है। ये बांग्लादेशी कूच बिहार की तरफ से खेतों से भारत में प्रवेश करते हैं। यहां ये कोलकाता के मालदा रेलवे स्टेशन पहुंचते हैं। इनके बाद ये ट्रेन से दिल्ली पहुंच जाते हैं। आरोपियों से पूछताछ में पता लगा कि कुछ बांग्लादेशियों ने भारत में खुद ही प्रवेश किया था, जबकि कुछ ने एजेंट के जरिए प्रवेश किया है।

## संवेदनशील जानकारी पाकिस्तान को भेज रहे थे दो गद्दार

# भारत की जासूसी कर रहे दो आईएसआई एजेंट गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

यूपी एटीएस ने भारत की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है। ये दोनों आरोपी पाकिस्तान के लिए जासूसी करने में शामिल थे। गिरफ्तार लोगों की पहचान मोहम्मद हारून और तुफैल के रूप में हुई है। मोहम्मद हारुन दिल्ली में रहकर स्क्रैप का काम करता था और वो पाकिस्तान उच्चायोग में नियुक्त मोहम्मद मुजम्मिल हुसैन के साथ मिलकर पाकिस्तान का वीजा दिलवाने का काम करता था। हारुन ने दिल्ली समेत कई महत्वपूर्ण स्थान की जानकारियां मोहम्मद मुजम्मिल हुसैन को दी थीं। मुजम्मिल हुसैन को भारत सरकार पहले ही 'पर्सोना नॉन ग्राटा' घोषित कर देश से निकाल चुकी है।

एक पाक हाई कमीशन अधिकारी का करीबी निकला | दूसरा 600 पाकिस्तानी नागरिकों के संपर्क में था

### पाकिस्तानी व्हाट्सएप ग्रुप्स के लिंक वाराणसी में साझा किए



मोहम्मद हारून | तुफैल

दूसरा आरोपी तुफैल, वाराणसी से गिरफ्तार हुआ है। वह 600 पाकिस्तानी नागरिकों के संपर्क में था। उसने राजघाट, नमो घाट, ज्ञानवापी, वाराणसी रेलवे स्टेशन और लाल किला की तस्वीरें पाकिस्तान भेजीं। तुफैल ने पाकिस्तानी व्हाट्सएप ग्रुप्स के लिंक वाराणसी में साझा किए ताकि लोग सीधे पाकिस्तान से जुड़ सकें। वह पाकिस्तान सेना के एक अधिकारी की पत्नी नफीसा के संपर्क में था। तुफैल पर आरोप है कि उसने तहरीक-ए-लब्बैक के नेता मौलाना शाद रिजवी के वीडियो और बाबरी मस्जिद का बदला लेने व शरीयत लागू करने से जुड़े संदेश भी व्हाट्सएप ग्रुप्स में साझा किए। एटीएस अब इस मामले की गहराई से जांच कर रही है।

### शहजाद पर नया खुलासा

### आईएसआई एजेंटों को फर्जी नाम पर सिम दिलवाई



टांडा (रामपुर)। पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार टांडा निवासी शहजाद तीन बार पाकिस्तान जा चुका है। एक बार वह पत्नी को लेकर भी गया था। इसके अलावा वह 10 बार सऊदी अरब भी जा चुका है। शहजाद को एटीएस ने 18 मई को मुरादाबाद से गिरफ्तार किया था। एटीएस जांच में खुलासा हुआ है कि शहजाद ने भारत में रह रहे आईएसआई एजेंटों को फर्जी नाम-पते पर सिम कार्ड दिलवाए और रुपयों की भी व्यवस्था की। इन सिम कार्ड्स का इस्तेमाल पाकिस्तान में बैठे हैंडलर्स से संपर्क में रहने के लिए किया जाता था।

# भारतीय क्रिकेट में बदलाव की शुरुआत, गिल टेस्ट कप्तान के दावेदार, टीम का चयन आज

एजेंसी ▶▶| मुंबई

विराट कोहली और रोहित शर्मा के संन्यास के बाद भारतीय क्रिकेट में बदलाव के नए दौर की शुरुआत होगी जब पांच टेस्ट मैचों के इंग्लैंड दौरे के लिए राष्ट्रीय चयनकर्ता शनिवार को नए टेस्ट कप्तान का चयन करेंगे। इंग्लैंड दौरे के साथ ही विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के नए चक्र का आगाज होगा और पच्चीस बरस के शुभमन गिल कप्तानी की दौड़ में सबसे आगे हैं।

आस्ट्रेलिया के पिछले दौरे पर जसप्रीत बुमराह उपकप्तान थे और उन्हें ही कप्तानी सौंपी जानी चाहिए थी लेकिन उनकी फिटनेस और कार्यभार प्रबंधन को देखते हुए वह दौड़ में पिछड़ सकते हैं। ऋषभ पंत आईपीएल में पूरी तरह से नाकाम रहे लेकिन टेस्ट प्रारूप में बदलाव के दौर से गुजरने जा रही भारतीय टीम का वह अभिन्न अंग होंगे और उन्हें उपकप्तान बनाया जा सकता है।





### राहुल और यशस्वी करेंगे पारी का आगाज

कप्तान के अलावा टीम में ज्यादा बदलाव की संभावना नहीं है। विराट और रोहित के जाने से खालीपन पैदा हुआ है जिससे केएल राहुल जैसे बल्लेबाजों से उम्मीदें बढ़ जाएंगी। राहुल और यशस्वी जायसवाल 20 जून से लीड्स में शुरू हो रहे पहले टेस्ट में पारी का आगाज कर सकते हैं। आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करने वाले साई सुदर्शन रिजर्व सलामी बल्लेबाज हो सकते हैं। अब देखना यह है कि अतिरिक्त विशेषज्ञ बल्लेबाज के तौर पर करूण नायर, सरफराज खान या श्रेयस अय्यर में से किसी को चुना जाता है क्या।

### अब जडेजा प्रमुख स्पिनर

रविचंद्रन अश्विन के संन्यास के बाद रविंद्र जडेजा प्रमुख स्पिनर होंगे लेकिन यह भी देखना होगा कि इंग्लैंड के हालात को देखते हुए क्या दो या तीन स्पिनरों को उतारा जा सकता है। अगर दो को चुना जाता है तो वॉशिंगटन सुंदर को कुलदीप यादव पर तरजीह मिल सकती है। विकेटकीपिंग में पंत पहली पसंद होंगे और रिजर्व के तौर पर ध्रुव जुरेल को चुना जा सकता है।

### बुमराह तेज गेंदबाजी के अगुवा

तेज गेंदबाजी में बुमराह क्या पांच मैचों तक फिट रह पाएंगे, यह एक सवाल है। मोहम्मद शमी की फिटनेस को लेकर भी संदेह है। मोहम्मद सिराज तीसरे तेज गेंदबाज होंगे लेकिन अगर पांच तेज गेंदबाजों को चुना जाता है तो प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप और अर्शदीप सिंह चुने जा सकते हैं।

### रोहित-विराट की गैर मौजूदगी टीम के लिए बड़ी चुनौती

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने स्वीकार किया कि विराट कोहली और रोहित शर्मा की गैर मौजूदगी टीम के लिए बड़ी चुनौती होगी लेकिन कहा कि टेस्ट क्रिकेट से उनके संन्यास ने दूसरे खिलाड़ियों के लिए आगे बढ़कर जिम्मेदारी लेने का मौका बनाया है। रोहित और विराट ने एक सप्ताह के भीतर टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया। गंभीर ने कहा, 'मेरा मानना है कि आप कब खेलना शुरू करते हैं और कब खत्म करना चाहते हैं, यह व्यक्तिगत फैसला है। किसी और को हक नहीं है। कोच हो, चयनकर्ता या देश में कोई और, क्या किसी को किसी को भी यह बताने का अधिकार है कि उसे कब संन्यास लेना है और कब नहीं। यह खुद का फैसला होता है।' दोनों के जाने के बाद भारत को नये टेस्ट कप्तान की जरूरत भी होगी और गंभीर ने स्वीकार किया कि इन दोनों की जगह लेना आसान नहीं होगा।

खास खबर



## नीरज चोपड़ा ने 84.14 मीटर भाला फेंका, रजत पदक जीता

▶▶| पोलैंड में ओरलेन जानुस कुसोसिन्स्की मेमोरियल प्रतियोगिता

▶▶| जर्मनी के वेबर 86.12 मीटर थ्रो के साथ शीर्ष स्थान पर रहे

भाषा ▶▶| चोरजोव (पोलैंड)।

भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा पोलैंड में आयोजित ओरलेन जानुस कुसोसिन्स्की मेमोरियल प्रतियोगिता की पुरुष भाला फेंक स्पर्धा में शुक्रवार को यहां जर्मनी के जूलियन वेबर के पीछे दूसरे स्थान पर रहे। चोपड़ा इस स्पर्धा में अपनी सर्वश्रेष्ठ लय में नहीं दिखे। 27 साल का यह खिलाड़ी अंतिम दौर से पहले तीसरे स्थान पर था। उन्होंने अपने छठे और अंतिम प्रयास में अपना भाला 84.14 मीटर की दूरी पर फेंका और दूसरे स्थान पर पहुंच गए। उन्होंने इससे पहले अपने दूसरे और पांचवें प्रयास में क्रमशः 81.28 मीटर और 81.80 मीटर की दूरी तय की। उनके अन्य तीन प्रयास फाउल थे। प्रतियोगिता का आयोजन सिलेसियन स्टेडियम में दिन में हुई बारिश के बाद आसमान में बादल छाए रहने के बीच किया गया। हाल ही में (16 मई) दोहा डायमंड लीग में 90 मीटर स्पर्धा में चोपड़ा को हराकर शीर्ष स्थान हासिल करने वाले जर्मनी के जूलियन वेबर दूसरे दौर में 86.12 मीटर की दूरी के थ्रो के साथ फिर से शीर्ष स्थान पर रहे। दो बार के विश्व चैंपियन ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स 83.24 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहे। वह दोहा में भी तीसरे स्थान पर रहे थे। यह भुवनेश्वर में 2024 फेडरेशन कप में 82.27 मीटर के प्रयास के बाद पहली बार है जब चोपड़ा ने किसी स्पर्धा में 85 मीटर से कम का सर्वश्रेष्ठ थ्रो दर्ज किया था। चोपड़ा ने दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर दूर तक भाला फेंका। यह पहली बार था जब चोपड़ा ने किसी स्पर्धा में 90 मीटर से अधिक की दूरी तय की थी। दोहा में भी चोपड़ा वेबर (91.06 मीटर) के बाद दूसरे स्थान पर थे।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 13 | 9 | 4 | 18 |
| पंजाब | 12 | 8 | 3 | 17 |
| बेंगलुरु | 13 | 8 | 4 | 17 |
| मुंबई | 13 | 8 | 5 | 16 |
| दिल्ली | 13 | 6 | 6 | 13 |
| लखनऊ | 13 | 6 | 7 | 12 |
| कोलकाता | 13 | 5 | 6 | 12 |
| हैदराबाद | 13 | 5 | 7 | 11 |
| राजस्थान | 14 | 4 | 10 | 8 |
| चेन्नई | 13 | 3 | 10 | 6 |

ऑरेंज कैप



साई सुदर्शन
638 रन
गुजरात

पर्पल कैप



नूर अहमद
21 विकेट
चेन्नई

## आरसीबी के लिए अंक तालिका में शीर्ष दो में जगह बनाने की राह कठिन

# किशन की ताबड़तोड़ पारी से हैदराबाद ने रॉयल चैलेंजर्स को 42 रन से हराया

भाषा ▶▶| लखनऊ




विकेटकीपर बल्लेबाज इशान किशन की नाबाद 94 रन की पारी की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में शुक्रवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को 42 रन से शिकस्त दी। किशन छह रन से शतक पूरा करने से चूक गये लेकिन उन्होंने 48 गेंद की अपनी नाबाद पारी में सात चौके और पांच छक्के जड़कर टीम का बड़ा स्कोर सुनिश्चित किया। एचआरएच ने छह विकेट पर 231 रन बनाने बाद आरसीबी की पारी को 19.5 ओवर में 189 रन पर समेट दिया। इस हार से आरसीबी के लिए तालिका में शीर्ष दो में जगह बनाने की राह कठिन हो गयी है। प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी एसआरएच की यह 13 मैचों में पांचवीं जीत है जबकि आरसीबी इतने ही मैचों में आठ जीत और चार हार से 17 अंक लेकर अब तीसरे स्थान पर है। आरसीबी के लिए फिल सॉल्ट ने 32 गेंद में चार चौके और पांच छक्के की मदद से 62 रन बनाने के साथ पहले विकेट के लिए विराट कोहली (25 गेंद में 43 रन) के साथ सात ओवर में 80 रन की साझेदारी की लेकिन टीम के मध्यक्रम के बल्लेबाज उपयोगी योगदान नहीं दे सकें। एसआरएच के लिए कप्तान पैट कमिंस ने 28 रन देकर तीन जबकि ईशान मलिंगा ने 37 रन देकर दो विकेट लिये। जयदेव उनादकट, हर्षल पटेल, हर्ष दुबे और नितीश कुमार रेड्डी को एक-एक सफलता मिली। अभिषेक शर्मा (17 गेंद में 34), हेनरिच क्लासेन (13 गेंद में 24), अनिकेत वर्मा (नौ गेंद में 26 रन) और ट्रेविस हेड (10 गेंद में 17 रन) ने आक्रामक बल्लेबाजी से आरसीबी के गेंदबाजों पर एसआरएच की पारी की शुरुआत से ही दबाव बनाये रखा। किशन ने क्लासेन के साथ तीसरे विकेट के लिए 27 गेंद में 48 और चौथे विकेट के लिए अनिकेत के साथ 17 गेंद में 43 रन की उपयोगी साझेदारियां की। आरसीबी के लिए रोमारियो शेफर्ड ने दो ओवर में 14 रन देकर दो विकेट लिये जबकि भुवनेश्वर कुमार, लुंगी एनगिडी, सुयश शर्मा और कृणाल पंड्या को एक-एक सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करते हुए सॉल्ट शुरुआती ओवरों में संघर्ष कर रहे थे तो वहीं कोहली ने कमिंस , उनादकट और हर्षल पटेल के खिलाफ सहजता से चौके लगाये। सॉल्ट को अपना पहला चौका जड़ने के लिए पांचवें ओवर तक इंतजार करना पड़ा।

### पंजाब की शीर्ष दो पर नजर दिल्ली से मुकाबला आज

**जयपुर।** एक दशक की नाकामी के बाद सफलता की नई दास्तान लिख रही पंजाब किंग्स इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स का सामना करेगी तो उसकी नजरें 11 साल में पहली बार शीर्ष दो में जगह बनाने पर लगी होंगी। इससे पहले 2014 सत्र में पंजाब टीम लीग में शीर्ष पर रही थी लेकिन फाइनल में हार गई। पंजाब पिछले 18 साल के लीग के इतिहास में एक बार और ही प्लेआफ में पहुंच सकी है। 11 बरस का इंतजार खत्म करने के बाद अब पंजाब की नजरें शीर्ष दो में रहने पर ही नहीं बल्कि एक और फाइनल खेलकर पहला खिताब जीतने पर लगी है। आत्मविश्वास से ओतप्रोत पंजाब टीम के हौसले और बढ़ गए जब उसके विदेशी खिलाड़ी मार्कस स्टोइनिस, जोश इंगलिस, आरोन हार्डी और काइल जैमीसन तीन दिन पहले टीम से जुड़े। ये चारों चयन के लिए उपलब्ध होंगे जब उनकी टीम मुंबई इंडियंस से हारकर यहां पहुंची दिल्ली का सामना करेगी। भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव के कारण लीग एक सप्ताह के लिये स्थगित होने के बाद ये विदेशी खिलाड़ी स्वदेश लौट गए थे।

### खबर संक्षेप



#### अगले महीने टेस्ट को अलविदा कहेंगे मैथ्यूज

**कोलंबो।** श्रीलंका के अनुभवी हरफनमौला एंजेलो मैथ्यूज ने शुक्रवार को कहा कि बांग्लादेश के खिलाफ अगले महीने पहले टेस्ट के बाद वह पांच दिनी क्रिकेट को अलविदा कह देंगे। सैतीस वर्ष के मैथ्यूज हालांकि सफेद गेंद का क्रिकेट खेलते रहेंगे। उनका आखिरी टेस्ट 17 से 21 जून के बीच गॉल में खेला जाएगा। मैथ्यूज ने 'एक्स ' पर लिखा, 'कृतज्ञ हृदय और अविस्मरणीय यादों के साथ। अब समय आ गया है कि मैं खेल के सबसे अद्भुत प्रारूप से विदा लूं, अंतरराष्ट्रीय टेस्ट क्रिकेट। बांग्लादेश के खिलाफ जून में पहला टेस्ट देश के लिए मेरा आखिरी टेस्ट होगा।'

#### सुदर्शन का फोकस आईपीएल प्लेऑफ पर

**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटंस के सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन इंग्लैंड दौरे के लिए भारत ए टीम में चयन से खुश हैं लेकिन फिलहाल उनका पूरा फोकस आईपीएल




क्वालीफायर और फाइनल पर टिका है। सरें के लिए खेलकर एक शतक जमा चुके 23 वर्ष के सुदर्शन को भारत ए टीम में चुना गया है और टेस्ट टीम में चयन के भी वह दावेदार हैं। उन्होंने मीडिया से कहा, 'मानसिक तौर पर पहले हमें आईपीएल पर फोकस करना है। एक बार वह खत्म हो जाए, फिर भारत ए दौरे के बारे में सोचेंगे। लेकिन मुझे खुशी है कि यह मौका मिला और मुझे यकीन है कि प्रदर्शन अच्छा रहेगा।'

#### इंग्लैंड ने 565 रन पर घोषित की पारी

**नाटिंघम।** इंग्लैंड ने शुक्रवार को यहां ट्रेंट ब्रिज पर जिम्बाब्वे के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के दूसरे दिन लंच से पहले छह विकेट पर 565 रन पर पहली पारी घोषित की। पहले दिन के दबदबे भरे प्रदर्शन के बाद इंग्लैंड ने सुबह तीन विकेट पर 498 रन से खेलना शुरू किया और ओली पोप का विकेट गंवा दिया जो रात के स्कोर में महज दो रन जोड़ सके और 171 रन पर आउट हुए। कप्तान बेन स्टोक्स नौ रन बनाकर पवेलियन पहुंचे जबकि हैरी ब्रूक ने 50 गेंद में 58 रन की पारी खेली और ब्लेसिंग मुजारबानी की गेंद पर आउट हुए जिसके बाद इंग्लैंड ने पारी घोषित कर दी।

अंतिम दो पर संशय

## हार से गुजरात को नुकसान बेंगलुरु शीर्ष दो की दावेदार



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईपीएल 2025 में प्लेऑफ की चार टीमें तय हो चुकी हैं। गुजरात टाइटंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस ने प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर लिया है और अब जंग शीर्ष दो में जगह बनाने को लेकर है। शीर्ष दो में रहने वाली टीमों को फायदा मिलता है। ऐसे में चारों टीमें शीर्ष पर लीग राउंड को खत्म करने की कोशिश करेंगी। हालांकि, गुरुवार को लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ गुजरात टाइटंस की हार ने बेंगलुरु और पंजाब की उम्मीदें जगा दी हैं। अब गुजरात की टीम अधिकतम 20 अंक तक पहुंच सकती है, जबकि आरसीबी और पंजाब अधिकतम 21-21 अंक तक पहुंच सकती है। मुंबई की टीम चाहेगी कि बेंगलुरु और पंजाब अपने-अपने दोनों मैच हार जाएं ताकि उनके लिए शीर्ष दो का रास्ता खुल जाए।

#### गुजरात टाइटंस

2022 की चैंपियन गुजरात ने शुभमन गिल की कप्तानी में शानदार खेल दिखाया है। टीम ने 13 में से नौ मैच जीते हैं और सिर्फ चार मैचों में टीम को हार मिली है। गुजरात के 18 अंक हैं। उसका नेट रन रेट +0.602 है। टीम का लीग राउंड का आखिरी मैच चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ है।

#### रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

गुजरात की तरह आरसीबी को भी अपने दो मैच दो आउट ऑफ फॉर्म टीमों के खिलाफ खेलने हैं। आरसीबी के फिलहाल 12 मैचों में आठ जीत के साथ 17 अंक हैं। टीम ने तीन मैच गंवाए हैं, जबकि एक मैच बेनतीजा रहा। नए कप्तान रजत पाटीदार के नेतृत्व में टीम ने शानदार प्रदर्शन किया है। उसका नेट रन रेट +0.482 है।

#### मुंबई इंडियंस

पांच बार की चैंपियन मुंबई ने 13 मैच खेल लिए हैं। उसका आखिरी मैच 26 मई को पंजाब से है। इस मैच में जीत भी मुंबई की टीम को शीर्ष दो में जगह नहीं दिला पाएगी। इसके लिए मुंबई को यह मनाना होगा कि पंजाब और बेंगलुरु अपने-अपने दोनों मैच और गुजरात भी अपना आखिरी मैच हार जाए। ऐसे में आरसीबी और पंजाब दोनों के 17-17 अंक ही रह जाएंगे और मुंबई 18 अंक लेकर शीर्ष स्थान भी पक्की कर लेगी।

#### पंजाब किंग्स

पंजाब ने अभी तक श्रेयस अय्यर की कप्तानी और रिकी पोंटिंग की कोचिंग में शानदार प्रदर्शन किया है। टीम ने अभी तक 12 में से आठ मैच जीते हैं और तीन में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। एक मैच बेनतीजा रहा। टीम के 17 अंक हैं और नेट रन रेट +0.389 है। पंजाब को अपने दो आखिरी लीग राउंड के मुकाबले दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेलने हैं। दोनों मैच जीतने पर टीम का शीर्ष दो में स्थान पक्का हो जाएगा।

### हेजलवुड के प्लेऑफ से पहले वापसी की संभावना

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड के कंधे की चोट से उबरने के बाद इंडियन प्रीमियर लीग के प्लेऑफ से पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से जुड़ने की संभावना है। यह तेज गेंदबाज मौजूदा आईपीएल सत्र में 27 अप्रैल को खेला था और तब से उन्होंने टीम के दो मैच नहीं खेले। वह भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष के कारण लीग में हुए एक हफ्ते के ब्रेक के दौरान स्वदेश लौट गए थे। तब से यह 34 वर्षीय खिलाड़ी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल से पहले ऑस्ट्रेलिया की तैयारियों के लिए ब्रिसबेन में ट्रेनिंग में जुटा था। अभी वह क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की चिकित्सा टीम की निगरानी में है और आरसीबी प्रबंधन उनसे संपर्क साधे है। आरसीबी के क्रिकेट निदेशक मो बोबाट ने पिछले हफ्ते कहा था, 'हमारी चिकित्सा टीम और उनकी चिकित्सा टीम उनकी उबरने की प्रक्रिया पर लगातार संपर्क में है।'पता चला है कि हेजलवुड अच्छी प्रगति कर रहे हैं और 29 मई से शुरू होने वाले नॉकआउट चरण से पहले टीम के साथ जुड़ने के लिए बेहतरीन स्थिति में हैं।

## श्रीकांत ने सेमीफाइनल में बनाई जगह 18वें नंबर के पोपोव को 3 सेट में हराया

एजेंसी ▶▶| कुआलालंपुर



भारत के अनुभवी बैडमिंटन खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत ने शुक्रवार को यहां चुनौतीपूर्ण पुरुष एकल मुकाबले में अपने से ऊंची रैंकिंग के फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव पर तीन गेम में जीत दर्ज कर मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

65वीं रैंकिंग पर काबिज श्रीकांत ने क्वार्टर फाइनल में दुनिया के 18वें नंबर के पोपोव को कड़ी टक्कर देते हुए एक घंटे 14 मिनट में 24-22, 17-21, 22-20 से शिकस्त दी। अब पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत का सामना अंतिम चार में जापान के युशी टनाका से होगा। इस तरह विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता भारतीय का यह एक साल में पहला सेमीफाइनल होगा। टनाका ने शनिवार को पुरुष एकल क्वार्टरफाइनल में टोमा जूनियर के भाई क्रिस्टो पोपोव को 21-18, 16-21, 21-6 से पराजित किया था।

पुरुष एकल का दूसरा सेमीफाइनल जापान के चौथे वरीय कोडाई नारोका और चीन के दूसरे वरीय लि शि फेंग के बीच खेला जाएगा। ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की मिश्रित युगल जोड़ी शुक्रवार को क्वार्टरफाइनल में हारकर बाहर हो गई थी जिससे श्रीकांत बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 500 टूर्नामेंट में एकमात्र भारतीय बचे हैं।

### मेराज ने 55 का स्कोर कर नरुका को एक अंक से पछाड़ा

# शॉटगन राष्ट्रीय ट्रायल्स में शीर्ष पर रहे मेराज और गनीमत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



ओलंपियन मेराज अहमद खान और गनीमत सेखों ने डॉ. कर्णी सिंह निशानेबाजी परिसर में आयोजित दूसरे शॉटगन राष्ट्रीय ट्रायल्स की स्कीट स्पर्धा के फाइनल में शीर्ष स्थान हासिल किए। मेराज ने फाइनल में 55 का स्कोर करते हुए पेरिस ओलंपिक में भाग ले चुके अनंतजीत सिंह नरूका को एक अंक से पछाड़ा। गनीमत ने भी एक अंक के अंतर से जीत दर्ज की। उन्होंने 53 का स्कोर किया जबकि माहेश्वरी चौहान ने 52 अंक प्राप्त किए।

इससे पहले क्वालीफिकेशन के शुरुआती दिन 73 का स्कोर करने वाले भवतेग सिंह गिल ने अंतिम दो दौर में 22 और 24 का स्कोर किया जो उन्हें फाइनल में पहुंचाने के लिए काफी था। मेराज ने कुल 118 के स्कोर के साथ क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर रहे। स्मित सिंह (117), अंगद (116), और अनंतजीत (115) ने क्वालीफायर में शीर्ष छह में जगह बनाई। महिला वर्ग में गनीमत ने क्वालीफिकेशन दौर में 114 अंकों के साथ पहला स्थान हासिल किया। माहेश्वरी और परिनाज ने 113-113 अंक प्राप्त किए। ओश्मी श्रीवास (108), दर्शना राठौड़ (107) और मानसी रघुवंशी (107) ने शीर्ष छह में जगह बनाई। जूनियर वर्ग के लिए अलग चयन ट्रायल आयोजित नहीं किया गया था। इसी कारण महिलाओं में ओश्मी और मानसी को उनके स्कोर के आधार पर क्रमशः पहला और दूसरा स्थान दिया गया। अग्रिमा कंवर ने 104 अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया।

#### युवान ने 110 अंकों के साथ शीर्ष पर

पुरुष जूनियर वर्ग में युवान ने 110 अंकों के साथ पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि यशवर्धन सिंह राजावत (108) और अंजनेय सिंह मंडावा (106) ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने कहा कि चयन समिति उन जूनियर खिलाड़ियों के स्कोर को भी मान्य करेगी जो सुहल (जर्मनी) में आयोजित आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में भाग ले रहे हैं। चयन ट्रायल दो और यह प्रतियोगिता एक ही समय पर आयोजित होने के कारण ऐसे खिलाड़ियों के स्कोर 'शून्य' नहीं माने जाएंगे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं संपादक प्रहलाद तेली के लिए मुद्रक अनिल राठी द्वारा अनिल प्रिन्टर्स एण्ड ऑफसेट, 5/एफ-2, न्यू हाउसिंग बोर्ड, शास्त्रीनगर, भीलवाड़ा 311001 (राज.) से मुद्रित एवं ऑफिस 957 वार्ड नंबर 24 धाकड़ मोहल्ला, शाहपुरा, भीलवाड़ा 311404 (राज.) से प्रकाशित। मो. नं. 9115108888, ई-मेल : kismatbhilwara@gmail.com (सभी प्रसंगों का न्याय क्षेत्र भीलवाड़ा होगा)